हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री


12 पिछड़ा वर्ग के कोटे में आएंगे बीस वार्ड, सिटिंग पार्षद होंगे प्रभावित






13 समाज को सशक्त बनाने हमेशा संगठित होकर कार्य करें: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज






# केंद्रीय टीम स्कूल के पालकों को कर रही सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय आदर्श कन्या मिडिल स्कूल दुर्ग में अनुसंधान और जागरुकता गतिविधि आयोजित किया गया था। इस मौके पर मेडिकल बोर्ड की टीम के द्वारा सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। पेरेंट्स मीटिंग भी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के अभिभावकों को अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम, अपार आईडी व स्वास्थ्यगत जानकारी दी गई।

भोपाल के सीएमआर-निरेह संस्थान के मेडिकल वैज्ञानिक डॉ तन्वी तृष्णा ने कहा कि भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) है। प्रारंभिक अवस्था में सर्वाइकल कैंसर के लक्षण अक्सर नहीं दिखते। जब तक लक्षण दिखाई देते है, तब तक कैंसर अक्सर बढ़ चुका होता है। इसलिए, लक्षण दिखने के बाद उपचार शुरू करने से अक्सर अनावश्यक देरी और अत्यधिक रुग्णता होती है। इसलिए पैप स्मीयर जैसे परीक्षणों का उपयोग करके नियमित जांच के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए उचित उपाय करना आवश्यक है। एच.पी.वी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) संक्रमण इंफेक्शन, जो अपने आप में अक्सर लक्षणहीन और निदान रहित होता है। 95 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर से जुड़ा हुआ है।

## आदर्श कन्या मिडिल स्कूल में अनुसंधान व जागरुकता गतिविधि आयोजित



### अपार आईडी के लिए किया प्रेरित

स्कूल के हेडमास्टर हरि शर्मा ने पालकों को शासन की योजना अपार आईडी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि हर बच्चे का आईडी जनरेट किया जाना है। जिसमें हर बच्चे की पूरी जानकारी ऑनलाइन हो जाएगी। जैसे-जैसे बच्चा अगली क्लास में जाएगा वैसे वैसे उसकी जानकारी भी अपडेट होती जाएगी। हर कक्षा शिक्षकों ने बच्चों की परीक्षा का स्तर बताया। जिसमें शिक्षिका धानेश्वरी ठाकुर, नाजिया शेख, धारणा सिंह, चंद्रलेखा गौतम, सुनीता परगनिहा, मितला मिश्रा, संगीता अग्रवाल, पूर्णिमा खुंटेल आदि शामिल रहे।

### 9 से 14 साल की बालिकाओं को दे रहे जानकारी

भोपाल स्थित आई.सी. एम. आर-निरेह संस्थान के मेडिकल वैज्ञानिक डॉ तन्वी तृष्णा एवं तकनीकी कर्मचारी अनन्या शर्मा एवं रीना कुमारी का चयन छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला को जागरूक करने के लिए किया गया है। उनके द्वारा जिले के सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ रहे लड़कियों और उनके माता-पिता के साथ चर्चा की जा रही है। इस दौरान सर्वे करने के लिए छत्तीसगढ़ आये हुए हैं। अनुसंधान और जागरुकता गतिविधि आयोजित कर विद्यालयों में पढ़ रही 9-14 वर्ष तक के लड़कियों को जागरूक कर रहे हैं।

### वायरस से संक्रमण

डॉ तन्वी ने कहा कि एचपीवी वायरस गर्भाशय ग्रीवा की बेसल कोशिकाओं को संक्रमित कर सकता है। यदि उच्च जोखिम वाले एचपीवी प्रकार गभर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में बने रहते हैं. तो समय के साथ वे कोशिकाओं को असामान्य बना सकते हैं, जो आगे चलकर कैंसर बन जाता है। शोध में पाया गया है कि एचपीवी संक्रमित गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को प्रीकैंसर में विकसित होने में 5 से 10 साल लग सकते हैं और औसतन कैंसर में विकसित होने में लगभग 20-25 साल लग सकते हैं।

### ऐसे फैलता है संक्रमण

डॉ तन्वी ने कहा कि यह बीमारी मुख्य रूप से यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। एचपीवी गैर-यौन रूप से भी इन तरीकों से फैल सकता है: संक्रमित क्षेत्र के साथ त्वचा से त्वचा का संपर्क, अपने शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में वायरस का स्थानांतरण, दुषित सतही (फोमाइट्स) के साथ संपर्क, और प्रसव या गभर्भावस्था के दौरान माँ से बच्चे में संचरण होता है। इसलिए, एचपीवी संक्रमण से बचाव करना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि एचपीवी वैक्सीन से एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाले 90 प्रतिशत कैंसर को रोकने का अनुमान है। एचपीवी टीकाकरण सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करता है जब लड़कियों को 9-14 वर्ष की आयु में यौन गतिविधि शुरु होने और एचपीवी संक्रमण के जोखिम से पहले दिया जाता है। इस आयु वर्ग में, दो वैक्सीन खुराक पर्याप्त हैं। 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के किशोरीओं और युवा महिलाओं को भी टीकाकरण दिया जा सकता है (तीन खुराक)। हालांकि, 25-27 वर्ष की आयु के बाद इसे नियमित रूप से अनुशंसित नहीं किया जाता है।

### जागरुकता के लिए केंद्रीय टीम पहुंची स्कूल

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 6 राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे युवा लड़कियों महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए एचपीवी वैक्सीन के रोल आउट की तैयारी शुरु करे। औपचारिक टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने से पहले, भारत सरकार आई.सी.एम.आर के माध्यम से सामुदायिक जागरुकता का आंकलन करने के लिए शोध अध्ययन और अनुसंधान गतिविधि आयोजित कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जेल प्रहरी के साथ मारपीट

**भिलाई।** मामूली विवाद के बाद जेल प्रहरी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर दुर्ग निवासी दिवाकर सिंह पैकरा केंद्रीय जेल दुर्ग में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत है। 15 दिसंबर को अपने साथी कमल साहू के साथ देशी शराब भट्टी पोटिया गया था। कसारीडीह निवासी आरोपी रमन यादव जो पूर्व में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। आरोपी रमन यादव ने अपने अन्य दोस्त अशोक यादव, दादु यादव समेत अन्य के साथ मिलकर प्रहरी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना में प्रहरी के नाक, कान, सिर व अन्य हिस्सों में चोट आई है।

### स्कूली छात्र के साथ मारपीट

**भिलाई।** स्कूली छात्र के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हुड़को स्थित डीएवी स्कूल का कक्षा 10 वीं का छात्र सोमवार की शाम अपने दोस्त के साथ नेहरु नगर चौक के पास बेकरी में बाइक से नाश्ता करने आया था। इसके बाद अग्रसेन चौक के सामने नेहरू नगर के पास पीछे से हिमांशु, लक्ष्य शर्मा जिसे पीड़ित इंस्टाग्राम के जरिये जानता है। बाइक से आए और बाइक को डेस मारने को लेकर विवाद करने लगे। हिमांशु और लक्ष्य शर्मा ने छात्र को जमकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी युवकों ने पीड़ित को हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी आरोपियों के अन्य साथी भी घटनास्थल पहुंचे और छात्र को ताबड़तोड़ पिटाई कर दी। पीड़ित को बचाने आए दोस्त के साथ भी युवकों ने मारपीट किया। घटना में छात्रों के हाथ, पैर, चेहरा, सिर में चोट आई है। घटना के बाद दोनों छात्रा डर गए और अपने घर तक नहीं गए। घर जाने के बाद ही परिजनों को सारी जानकारी दी। तब जाकर पुलिस में शिकायत की गई। पुलिस ने हिमांशु सिंह, लक्ष्य शर्मा समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई किया है।

## 20 दिसंबर को 75 प्रतिशत क्लास अटेंड करने वालों के लिए अंतिम मौका

# सैकड़ों विद्यार्थियों को नहीं समझ आई एनईपी यूनिवर्सिटी ने एक दिन के लिए खोला पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) इस वर्ष महाविद्यालयों में लागू की गई है। इस शिक्षा नीति में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को एडमिशन दिया गया और उसके हिसाब से पढ़ाई भी चली। उसके बावजूद सरकारी और गैर सरकारी कॉलेजों के नियमित सैकड़ों विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होने नामांकन व परीक्षा फार्म ही नहीं भरा। ऐसे विद्यार्थी हेमचंद यूनिवर्सिटी पहुंचे और स्वयं को नियमित होने के बाद भी परीक्षा से वंचित हो जाने की दुहाई देने लगे। मौजूदाहालात को देखते हुए यूनिवर्सिटी ने एक दिन के लिए पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। यह उनके लिए अंतिम अवसर होगा। इसलिए कि चार महीने पहले ही यूनिवर्सिटी ने नामांकन पोर्टल खोल दिया था। 20 दिसंबर को ऐसे विद्यार्थी ऑनलाइन फार्म यूनिवर्सिटी के पोर्टल में भर सकते हैं।




### 35 हजार विद्यार्थियों के नामांकन दाखिल

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। यूनिवर्सिटी के अंतर्गत दुर्ग संभाग में 156 सरकारी और गैरसरकारी कॉलेज हैं। इस परीक्षा के लिए कुल नामांकित परीक्षार्थी लगभग 24 हजार है। एनईपी के तहत सरकारी व गैरसरकारी नियमित विद्यार्थियों के रूप में लगभग 35 हजार विद्यार्थियों ने नामांकन दाखिल करवाया है। 12 दिसंबर तक लगभग 19 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा आवेदन फॉर्म भर दिया है। इसी प्रकार स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की नामांकित संख्या लगभग 14 हजार है। जिसमें से 5 हजार से ज्यादा ने परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर दिया है।

### एक जनवरी से सेमेस्टर परीक्षाएं

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परीक्षाएं जनवरी 2025 से प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी है। एनईपी 2020 के तहत निर्धारित विभिन्न पाठ्यक्रमों को 2024 में इस विश्वविद्यालय में लागू किया गया है। यह नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को अलग–अलग संयोजन के विभिन्न पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है ताकि विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चयन कर पढ़ाई कर सके। यह नीति विद्यार्थियों को हमारी राजभाषा और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं को सीखने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। साथ ही साथ वर्तमान में प्रचलित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को स्वयं में समाहित कर विद्यार्थियों को बाजार की मांग के अनुरूप ढालने का प्रयास करती है।

### कॉलेजों में 75 प्रतिशत क्लास अटेंड जरूरी

यूनिवर्सिटी ने पोर्टल जरूर खोला है लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह जरूरी है कि विद्यार्थी की उपस्थिति कॉलेज व क्लास में 75 प्रतिशत हो। प्राइवेट व सरकारी कॉलेजों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी का आंतरिक मूल्यांकन भी अनिवार्य किया गया है। इसलिए ये दोनों शर्तों का पालन करने वाले विद्यार्थियों को ही परीक्षा देने की पात्रता रहेगी। सेमेस्टर परीक्षा बीए/बीएससी/बीकॉम/बीसीए/बीबीए तथा बीएससी गृह विज्ञान के नियमित विद्यार्थियों के लिए रहेगी।

### दिक्कत हो तो यहां संपर्क करें

यूनिवर्सिटी पोर्टल में नामांकन व परीक्षा फार्म आवेदन ऑनलाइन करना है। इसमें यदि कोई दिक्कत हो तो 8871580649 पर संपर्क कर सकते हैं। वेबसाइट में परेशानी होने पर विद्यार्थी 0862526431 पर कॉल कर सकते हैं।किसी भी विद्यार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं है।

### कॉलेजों से भी फीडबैंक मांगे

यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा तथा नामांकन आवेदन फॉर्म भराया जाना है। इस संबंध में सभी महाविद्यालयों को पत्र भी भेजा है। जिसके अनुसार निर्धारित प्रारूप में सूची महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को 19 दिसंबर शाम 4 बजे ईमेल पर अनिवार्य रूप से भेजना हैं। महाविद्यालय व कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं होने वाले तथा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थित होने वाले विद्यार्थियों को नामांकन तथा परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। महाविद्यालय से प्राप्त पत्र के आधार पर ही सूची में शामिल विद्यार्थियों के नामांकन एवं परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा भराया जाएगा।

### अंतिम मौका 20 को

कई विद्यार्थी यूनिवर्सिटी पहुंचे। उन्होने स्वयं को नियमित विद्यार्थी बताया और नामांकन व परीक्षा फार्म नहीं भर पाने की जानकारी दी। इसलिए एक दिन यानी 20 दिसंबर के लिए पोर्टल खोला गया है। इस दिन विद्यार्थी नामांकन व परीक्षा फार्म के आवेदन कर सकते हैं। **- डॉ. राजमणी पटेल,** उपकुलसचिव परीक्षा

# आयरन फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आयरन कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया है। बुधवार को दुर्ग राजनांदगांव जिला के सीमा पर स्थित कल्याणी इस्पात नामक फैक्ट्री की आयरन कंपनी खुलने जा रही है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री से प्रदूषण बढ़ेगा,

- निर्माण कार्य बंद नहीं होने पर बड़ा आंदोलन

इस कारण कंपनी को बंद किया जाना चाहिए। इस दौरान कोपेडीह ग्राम पंचायत की सरपंच यमुना साहू के मुताबिक कंपनी ने कई साल पहले ग्राम पंचायत से गलत जानकारी देकर एनओसी ली थी। उन्होंने गलत तरीके से जनसुनवाई की। ग्राम पंचायत ने एनओसी दी थी, वो दूसरी कंपनी थी। लेकिन अब दूसरी फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है। इसलिए ग्राम पंचायत की दोबारा बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी पंचों और ग्रामीणों की सहमति से प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया है। कंपनी का निर्माण बंद नहीं हो रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने कंपनी के गेट पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण परस साहू के मुताबिक उन्हें यही नहीं पता है कि यहां कौन सी कंपनी काम कर रही है। ना तो उन्होंने यहां किसी का बोर्ड लगाया है। कल्याणी ने सहमति और एनओसी ली। उसके बाद पता चला कि यहां दूसरी कंपनी काम कर रही है। पहले ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं दी गई। अब पता चल रहा है कि यहां स्पंज आयरन की फैक्ट्री बनाई जा रही है। इससे गांव में प्रदूषण बढ़ेगा। यदि कंपनी का निर्माण नहीं बंद हुआ तो वो लोग जीई रोड पर चक्काजाम करेंगे।

### कंपनी के गेट को बंद किया

आक्रोशित ग्रामीणों मे कल्याणी इस्पात के गेट को भी बंद कर दिया। कई घंटों तक न किसी को अंदर जाने दिया और न ही बाहर आने दिया गया। खबर लगते पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाईश देती रही। बावजूद ग्रामीण आंदोलन में डटे रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि फैक्ट्री का काम बंद नहीं होने की स्थित में उग्र आंदोलन करेंगे।

## ठिठुरती ठंड से राहत....



**भिलाई।** बढ़ती हुई ठंड को देखकर के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। जिससे स्थानी निवासियों, रिक्शा चालक, गाड़ी चलाने वाले व लोग ठंड से राहत प्राप्त पा सके।

# सरकारी जमीन पर बाउंड्रीवाल आयुक्त ने जारी किया नोटिस

वार्ड क्रमांक 28 आई पी नगर स्थित नहर किनारे सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस देते हुए कब्जा स्वतः हटाने कहा है। निर्धारित समय के बाद निगम के अधिकारी बेदखली अभियान चलाएंगे।रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने शक्ति विहार , वीआईपी नगर और मैत्री नगर क्षेत्र का भ्रमण किया । इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के नहर किनारे खाली जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए। आयुक्त ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए है कि अतिक्रमण करियों को नोटिस देते हुए समझाइश दे कि वे स्वतः कब्जा हटा ले, अन्यथा निगम अतिक्रमण हटाएगा। भ्रमण के दौरान पार्षद डॉ सीमा साहू, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि जमीन मुक्त होने के बाद सी सी रोड का निर्माण करने प्रस्ताव बनाया जाए। वहीं नहर किनारे सौन्दर्यी करण करने प्लान बनाए। इससे वार्ड की सुंदरता बढ़ जाएगी।

# सात संदिग्धों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में संचालित औद्योगिक इकाईयों और क्षेत्र में संदिग्ध बाहरी व्यक्ति जो अपनी पहचान छिपाकर रहने सात को पकड़ा है। इनके खिलाफ पुलिस ने धारा 128 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र में संचालित प्लाईवूड फैक्ट्री मारूति सिजनिंग और केमिकल वूड्स, पाण्डेय आरा मिल उतई में बाहर से आए मजदूर काम करने की जानकारी मिली। पुलिस ने उक्त प्लाईवूड फैक्ट्री,आरा मिल का निरीक्षण करने पर प्रवासी मजदूरों से पुछताछ की गई। आरा मिल के निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि असम राज्य के कोकराझार जिले से 7 मजदूर पुलिस थाने में जानकारी दिए बिना संदिग्ध रूप से रहते है। पुछताछ करने पर कोई संतोष जनक जवाब नही दिया। अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर सात मजदूरो पर कार्रवाई की गई। जिसमें अबुल शेख परताकखटा पार्ट 1 फाकिरग्राम जिला कोकराझार असम, छापियल हक डोटोमा जिला कोकराझार असम, हमिदुर रहमान तितलीगुड़ी जिला कोकराझार असम, ईब्राहिम फोकिर हेकाइपारा चंदरापार जिला कोकराझार असम, शाहबुद्दीन शेख कोकराझार असम, लोकमान अली लश्करपार दूराहाटी परताकखटा पार्ट 2 जिला कोकराझार असम,आलम गिर बादशाह मुसलमान पाट 1 गोसाई गांव जिला कोकराझार असम शामिल है।

## केंद्र व राज्य का समान मानदेय, किराया सहित अन्य मुद्दों पर की चर्चा

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ ने महिला बाल विकास मंत्री को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निवास नए रायपुर में छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनवाड़ी

- केंद्र व राज्य का समान मानदेय , भवन किराया, पदोन्नति आदि पर चर्चा की

कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने प्रात अध्यक्ष पद्मावती साहू के नेतृत्व में अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा की। पोषण ट्रैकर की समस्या, मानदेय बढ़ोतरी से लेकर पदोन्नति आदि मुदद्दे रखे गए। मंत्री राजवाड़े ने उनकी समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री राजवाड़े को बताया कि आंगनबाड़ी भवन का 750 किराया दिया जाता है। कार्यकर्ता मकान मालिक किराए के हिसाब से उसे राशि दी जाती है। केन्द्र और राज्य सरकार का मानदेय एक साथ दिया जाए। कार्यकर्ता के मानदेय से सहायिकाओं को 80 प्रतिशत मानदेय बढ़ोत्तरी की जाए।



शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिले। पोषण ट्रेकर में फोटो कैप्चर करने में दिक्कतें आ रही है। कार्यकर्ता सहायिका को ऋृण उपलब्ध कराई जाए। सहायिका को कार्यकर्ता पद पर 100 प्रतिशत दिया जाए। उम्र का बंधन हटाते हुए भर्ती प्रक्रिया में संशोधन हो। गर्म भोजन राशि ईधन राशि व गर्म भोजन की मात्रा बढाई जाए। यात्रा भत्ता मिले। मेडिकल होने पर मानदेय कटौती न किया जाए व छुट्टी, पेंशन ग्रेच्युटी दिया जाए। 5 वर्ष से अधिक होने पर सुपरवाइजर और अधिकारियों का ट्रांसफर हो। ड्रेस अच्छी क्वालिटी नहीं मिलते तक दवाब न बनाया जाए । क्रैश कार्यकर्ता को मेन कार्यकर्ता का दर्जा मिले। ईंधन, मोबाइल, फ्लैक्सी फंड आदि पर चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष दुर्ग गीता बाग, प्रभा कुठारे धमतरी, रेवती वत्सल रायपुर, भुनेश्वरी तिवारी बलौदा बाजार, शतरूपा ध्रुव भावना राजनांदगांव, माया मेश्राम, गौरी रामटेके कोंडागांव, रामादेवी, कोन्ती दंतेवाड़ा ,किरण नाग नारायणपुर ,दशवन्तरी आदि शामिल रहे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

निकाय चुनाव : आज नगरीय निकायों के आरक्षण के बाद साफ होगी तस्वीर

# पिछड़ा वर्ग के कोटे में आएंगे बीस वार्ड, सिटिंग पार्षद होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मूंह बंद कर बैठे प्रत्याशी आरक्षण के बाद बोलने लगेगें। आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में होने वाले आरक्षण में तस्वीर जहां साफ हो जाएगी, वही कई दिग्गज नेता आरक्षण से प्रभावित हो सकते है। आरक्षण को लेकर राजनीतिक पार्टियों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। आरक्षण के बाद चुनावी तैयारी जोर पकडने लगेगी।

जानकारी अनुसार एससी, एसटी व सामान्य के बाद आरक्षण में जो वार्ड बचेगें, उसमें ओबीसी को प्राथमिकता मिलेगी। क्योकि सभी वर्गो को मिलाकर पचास फीसदी तक ही आरक्षण का लाभ देना हैं। वर्तमान में दस सीट एससी व एसटी के लिए आरक्षित होगें। वही तैतीस फीसदी महिला व सामान्य के बाद करीब बीस वार्ड ओबीसी के कोटे में आएंगे। दुर्ग नगरनिगम में ओबीसी की आबादी 41 फीसदी मानी जा रही है। वर्तमान में जनसंख्या के आंकडो के अनुसार एक लाख 32 हजार से अधिक आबादी ओबीसी बाहुल्य हैं। पिछले दिनों कराए गए सर्वे में जो आंकडे समाने आए हैं। उसके अनुसार इस बार पांच वार्ड ओबीसी के बढ जाएंगे। पिछले बार करीब पन्द्रह वार्ड ओबीसी के कोटे में गया था।

### सभी निकायों के लिए आज आरक्षण

जिले के नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया जाएगा। नगर पालिक निगम दुर्ग अपरान्ह 4 बजे से 4.30 बजे तक, परिषद कुम्हारी अपरान्ह 4.30 बजे से 4.45 बजे तक, परिषद अमलेश्वर अपरान्ह 4.45 बजे से 5 बजे तक, परिषद अहिवारा अपरान्ह 5 बजे से 5.15 बजे तक निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पंचायत पाटन अपरान्ह 5.15 बजे से 5.30 बजे तक, नगर पंचायत उतई शाम 5.30 बजे से 5.45 बजे तक तथा नगर पंचायत धमधा शाम 5.45 बजे से 6.00 बजे तक का समय निर्धारित है।




### मेयर आरक्षण की भी बेसब्री से इंतजार

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की चर्चा इसलिए भी जोर नही पकड पा रही है। क्योकि आरक्षण का रोडा राजनीतिक अनुभव को भी कैद कर दी है। इधर पार्षद के आरक्षण के आलावा मेयर के आरक्षण को लेकर लोगों को बेसब्री से इंतजार हैं। हांलाकि मेयर का आरक्षण राज्य से तय होगा। लेकिन जानकारों का कहना है कि, इस बार दुर्ग नगरनिगम में मेयर पिछडा वर्ग के कोटे में जाएगा। इधर पार्षदो में भी ओसीबी वार्डो के बढने का पूरा अनुमान हैं।

### सिटिंग पार्षदों की सीट महिला होने के आसार

जानकारी अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि, इस बार कई सिटिंग पार्षदों की सीट महिला कोटे में जा सकती है। जिसमें अब्दुल गनी, दिनेश देवांगन सामान्य, मेयर धीरज बाकलीवाल महिला, हामीद खोखर का वार्ड महिला, दीपक साहू का महिला वार्ड और पूर्व मेयर आरएन वर्मा वापस आ सकते हैं। वही भाजपा से शिवेन्द्र परिहार, अरूण सिंह, चंद्रशेखर चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर के वार्ड महिला हो सकते हैं। वही बाहर हुए पार्षद जिसमें दिनेश देवांगन महिला से सामान्य, सुरेन्द्र बजाज ओबीसी से सामान्य वापस आ सकते है। अजीत वैद का वार्ड एससी महिला हो सकती हैं। खैर आज आरक्षण मे स्थिति और भी स्पष्ट हो जाएगी।

## तीन दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का महापौर ने किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिक्षक विभाग क्रिकेट सद्भावना खेल प्रतियोगिताएं 18 से 20 दिसंबर तक होंगी। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेश यादव ने खिलाड़ी प्रेमियों के बीच शिक्षक विभाग सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शिक्षा विभाग सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 18 से 20 दिसम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई शिक्षक संघ, दुर्ग के द्वारा जिला स्तरीय विभागिय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है!बुधवार को जेआरडी स्कूल के पीछे मैदान में किया गया। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि, शिक्षक संघ'सद्भावना क्रिकेट का आयोजन करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि खेल कोई सा भी हो, कड़ी मेहनत से ही मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। खेल में हार-जीत उतना मायने नहीं रखती, जितना की एक खिलाड़ी को खेल भावना के साथ खेल खेलते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना मायने रखता है। कार्यक्रम के अवसर पर सभापति राजेश यादव, एमआईसी संजय कोहले, पार्षद प्रकाश जोशी के अलावा शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहें।

■ कड़ी मेहनत से पहुंचा जा सकता है मुकाम पर : महापौर

## जयंती पर 3 स्थान पर सतनाम भवन बनाने 85 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गुरु घासीदास जयंती पर विधायक गजेन्द्र यादव विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम में पहुँचे विधायक ने बाबा के अनुयायीयों को बड़ी सौगात दी है। विधायक ने सतनाम समितियों की मांग एवं अपने वादे को पूरा करते हुए वार्ड 44 कसारीडीह में 50 लाख, वार्ड 1 नयापारा 10 लाख और कुंदरापारा 25 लाख की लागत से सतनाम भवन बनाने घोषणा की हैं। जिस पर सामाजिकजनों ने आभार जताया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंच- नीच, झूठ-कपट का बोलबाला था, बाबा ने ऐसे समय में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया।

■ विधायक ने की विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत

## सुशासन पर वाद-विवाद एवं संगोष्ठी का आयोजन



**दुर्ग**। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सुशासन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। सुशासन पर आयोजित वाद- विवाद प्रतियोगिता में संस्था के 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 32 पक्ष में एवं 8 ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं महतारी वंदन योजना, उज्वला योजना, भगिनी सहायता योजना, आवास योजना आदि का उल्लेख किया। छात्र-छात्राओं ने सुशासन की तुलना रामराज्य से की। इसी के अनुक्रम में मुख्य वक्ता डॉ डीकेएस सोलंकी सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष मार्डन आफिस मैनेजमेंट ने छात्र-छात्राओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी प्रदान की। संस्था के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने इस संगोष्ठी में भाग लिया एवं शंकाओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को सुशासन का महत्व बताया।

## बोरसी के 4 स्थानों में 90 लाख से बनेगी नाली एवं सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत बोरसी के सुंदर नगर में 90 लाख की राशि से मुक्तिधाम रोड एवं आँगनबाड़ी के पास और आजाद चौक एवं बोरसी चौक में भूमिपूजन हुआ जिसमे 4 स्थानों पर सीसी रोड और वार्ड में नाली निर्माण कार्य होंगे। जिसका बुधवार को विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद प्रेमलता साहू, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, एमआईसी संजय कोहले, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, प्रकाश जोशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू, पोषण साहू, अशोक राठी, लक्ष्मीकांत दुबे, गुलशन साहू, उमेश यादव, राहुल पंडित, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने आधारशिला रखकर बोरसी वार्डवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। भूमिपूजन अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों को लेकर हमेशा जनभावनाओं का सम्मान किया गया है। निगम क्षेत्र में इसलिए वार्डो मे विकास कार्य नजर आ रहा है।वार्डवासियों द्वारा बोरसी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की गई थी। वार्डवासियों की यह मांग भी पूर्ण कर दी गई है।






## खबर संक्षेप



### बटरेल में मनाया घासीदास जयंती

**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल में गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि लालेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन, अध्यक्षता नारद साहू भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति सुरपा, झरना साहू जनपद सदस्य, कमलेश साहू प्राधिकृत अधिकारी बटरेल, सुधीर बछोर, यशवंत आठे, प्राणमाथ साहू, सूरज निर्मलकर, संजू साहू, रामदाश बंदे, रघुनंदन बंदे, देवेंद्र गेंड्रे, थानसिंग बंदे,भुवन दास महिलांगे, हरीश चंद देशप्यारे, जागेश्वर महिलांगे आदि उपस्थित थे।

### परसदा में गुरु घासीदास जयंती व मंडई 21 को

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में 21 दिसंबर को मंडई व गुरु घासीदास की 268 वी जयंती मनाई जाएगी। जिसकी उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे से मंगल चौका आरती का आयोजन ग्राम भाटापारा (बलौदा बाजार) के सानिध्य में शाम 4 बजे गुरु घासीदास बाबा जी का पूजा अर्चना कर अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं चौका आरती का कार्यक्रम 7 बजे समापन कर, रात्रि कार्यक्रम 9 बजे से संगीतमय नाच पार्टी ग्राम रानीदाहर (कबीरधाम) के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी ग्राम सरपंच व सेवा सहकारी समिति परसदा के अध्यक्ष कुलदीप साहू व नवयुवक सतनाम समिति अध्यक्ष कमलेश सिरमौर ने दी।

### विज्ञापन में भूल सुधार

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को प्रकाशित विज्ञापन पेज क्रमांक 12 में गुरु घासीदास बाबा की तस्वीर के स्थान पर गलती से संत शिरोमणी रविदास की तस्वीर प्रकाशित हो गई थी। इसका हमें खेद है।

### छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं विषय को रुचिकर बनाएं

**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के वनस्पति शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विभाग के द्वारा सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा ,भिलाई के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बीएससी द्वितीय वर्ष एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रयोगशालाओं का अवलोकन एवं भ्रमण कराया गया। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति बख्शी ने छात्र-छात्राओं एवं एस्कॉर्ट प्रोफेसर का स्वागत करते हुए वनस्पति शास्त्र विभाग की जानकारी दी। रसायन शास्त्र विभागा ध्यक्ष डॉ. जेम्स मैथ्यू डॉ. चंदा वर्मा,डॉ. अरविंद ने रसायन शास्त्र प्रयोगशाला का भ्रमण कराते हुए, उपलब्ध विभिन्न उपकरणों की संरचना कार्य प्रणाली का पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से वर्णन किया , उपकरणों को उपयोग करनें की जानकारी प्रदान की।

## निधन

### संतोष अग्रवाल



**दुर्ग।** ए-14 आदर्श नगर दुर्ग निवासी संतोष अग्रवाल उम्र 76 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ साहित्यकार व सेवानिवृत्त प्राचार्य महावीर अग्रवाल की पत्नी, गौरव व गरिमा की मां थीं।

### एनबी तिर्की



**उतई।** आरएमएस कॉलोनी टैगोर नगर रिसाली निवासी एनबी तिर्की उम्र 75 वर्ष पति स्व. ए. तिर्की का आकस्मिक निधन 18 दिसबंर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसबंर को निवास स्थान टिकरापारा रायपुर से कैथोलिक कब्रिस्तान पुलिस लाइन के लिए निकलेगी। वे फ्रांसिस तारसियुस,फ्लोरेंस, निर्मला की मां थीं।

## कोनारी में तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन लोकार्पण कार्यक्रम

# समाज को सशक्त बनाने हमेशा संगठित होकर कार्य करें: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन कोनारी लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने समाज के सदस्यों को आपस में एकजुटता बनाए रखने को कहा। समाज के सदस्यों से कहा कि हमेशा लोगों के हित में काम करें। साहू समाज को संबोधित करते पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि समाज को कैसे सशक्त और अच्छा समाज बनाया जाए, इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमारा समाज दूसरों के लिए मिसाल बने इसके लिए अपने समाज को कुरीतियों से दूर रखना होगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि हम सभी में प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने का जुनून होना चाहिए। एक कार्य के पूर्ण होने के पश्चात ही दूसरा कार्य प्रारंभ करना चाहिए और निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में मेरे कार्यकाल में बहुत विकास हुआ है, यह सब आप लोगों की कार्य के प्रति लगन और कर्मठता प्रदर्शित करती है।

**कमला सदन भवन के लिए 10 लाख देने की गई घोषणा**



समाजिक संगठन द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, इससे आने वाली पीढ़ी को लाभ मिलेगा।

सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि अपने समाज के आयोजनों में अन्य समाज के लोगों को भी बुलाएं ताकि दूसरे समाज के साथ हमारे संबंध अच्छे हों। इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू ने अपनी पत्नी स्व. श्रीमती कमला सदन भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा किया।

वहीं तहसील साहू संघ अध्यक्ष पूसऊ राम साहू ने कहा कि आप सबके मार्गदर्शन से आज़ दुर्ग तहसील समाज को नया भवन मिला है, ताम्रध्वज साहू के प्रयास से नया भवन मिला है। 25 साल बाद आज़ यह अवसर प्राप्त हुआ। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा की आज़ एक गौरव का दिन है हर समाज भवन के होना जरुरी है सामाजिक व्यक्ति के समाज का परिणाम हे आज़ भवन बना, सामाजिक समरसता हमेशा बना रहे।

इस अवसर पर अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, अति विशिष्ठ अतिथि रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छग, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छग शासन, नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, खिलावान साहू, लक्ष्मी साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, देवेन्द्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, टिकेश्वरी देशमुख सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग सहित भरत चन्द्राकर, उमाशंकर साहू,दयाराम साहू आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### विकास कार्यों से वार्डवासियों में बिखरी खुशियां



**दुर्ग।** गंजपारा वार्ड क्रमांक-36 में लगातार विकास कार्य होने से वार्डवासियों में खुशियों का माहौल है। वार्ड पार्षद एवं राजस्व व बाजार विभाग प्रभारी ऋषभ जैन (बाबू) ने हाल ही में वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन करने के बाद गार्डन, फाउंटेन एवं अन्य विकास कार्यों की वार्डवासियों को बड़ी सौगात दी है। पार्षद श्री जैन द्वारा वार्ड में गार्डन, फांउटेन व अन्य विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त विकास कार्य 4 लाख की लागत से पूर्ण किए जाएंगे। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद ऋषभ जैन (बाबू) ने कहा कि वार्डवासियों की भावनाओं के अनुसार वार्ड में विकास कार्य करवाए जा रहे है। विकास कार्य की गति कभी थमेगी नही। आगे भी वार्डवासियों को विकास कार्यों की लाभ मिलेगा। भूमिपूजन के दौरान विट्ठल दास भूतड़ा, जीवनलाल जायसवाल, रमेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विजय मनहरे, विजय गुप्ता, गुलाब चौहान, मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश सिन्हा, पिन्नू साहू, मुकेश ओसवाल के अलावा वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बकाया कर जमा करें, नहीं तो होगी कार्रवाई

**कुम्हारी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपना संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज और जलकर जैसे सभी बकाया करों का भुगतान शीघ्र ही कार्यालय में जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। यदि कोई व्यक्ति निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया कर जमा नहीं करता है, तो नगर पालिका परिषद उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी साथ ही अधिभार भी वसूल करेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है और समय रहते बकाया कर जमा करने का अनुरोध किया है।

## शहीद वीर नारायण सिंह की वीरता और देशभक्ति करती है प्रेरित: विधायक ललित



**अंडा।** ग्राम बोरई आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र द्वारा आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। रानी लक्ष्मी बाई और शहीद वीर नारायण सिंह के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके द्वारा किए गए देश सेवा के कार्यों को याद किया। इस अवसर पर एमडी ठाकुर अध्यक्ष के.गोंडवाना महासभा धमधागढ़, सीताराम ठाकुर सलाहकार के गोंड महासभा, पदमा टीकम साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोरई, भाना बाई ठाकुर जनपद सदस्य, योगेश्वर सिंह छेर्देया अध्यक्ष, द्वारिका नाथ छेर्देया उपाध्यक्ष, रामकुमार पोर्ते कोषाध्यक्ष, जगदीश नेताम उप कोषाध्यक्ष, राम प्रसाद छेर्देया सचिव जितेंद्र कतलाम सहसचिव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा आज हम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमें उनकी वीरता, देशभक्ति और बलिदान की याद दिलाता है। वीर नारायण सिंह एक सच्चे देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अपने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अपनी वीरता से अंग्रेजों को पराजित किया था, उनकी वीरता और बलिदान को याद करते हुए, हमें अपने देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

■ बोरई में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस

## पतोरा में कार्यवाहक सरपंच का हुआ चुनाव, तनुजा रही 10 मतों से विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

छत्तीसगढ़ का चर्चित गांव पतोरा में कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराया गया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के बूथ प्रभारी पूरन साहू की पत्नी वार्ड 14 की पंच आरती साहू के प्रस्ताव में शक्ति केंद्र प्रभारी, पूर्व उपसरपंच, पंच टीकाराम देवांगन एवं समर्थक बूथ प्रभारी, पंच राजीव साहू के समर्थन में अपना नामांकन भरा, दूसरे प्रत्याशी के रूप में वार्ड क्रमांक 4 की तनुजा साहू के प्रस्तावक के रूप में वार्ड क्रमांक 1 के पंच गोपेश साहु समर्थक के रूप में वार्ड क्रमांक 17 के पंच इंदु देशलहरे पक्ष रखा, गांव में बहुत ही गहमा गहमी का माहौल रहा, जिसमे 18 पंचों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। आरती पूरन साहू को 4 मत मिले एवं तनुजा साहू को 14 मत मिले, तनुजा साहू 10 मतों से विजयी रहे। फूल माला और गुलाल से विजयी प्रत्यासी का स्वागत किया गया। पंच गोपेश साहू ने कहा कि सरपंच, उपसरपंच, सामाजिक चुनाव वे लोग लगातार हार रहे है और ग्राम पंचायत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। आज गांव में घूमकर ये बता रहे है कि रॉयल्टी का पैसा हमने रोक लगा दी है दुर्ग जिले के सभी गांव का पैसा आ गया है सिर्फ पतोरा को छोड़कर ये लोग विकास करने वाले नही विनाश करने वाले हैं। पूर्व महिला सरपंच तारणी वर्मा का हम हमेशा से सम्मान करते है वो हमारे गांव के नींव को मजबूती दी है जिसकी सराहना भी हम बड़े मंचों पर करते आ रहे हैं। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही है कुछ छुटभैये नेता एक पूर्व महिला सम्मानित सरपंच को आगे करके अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे है ये बड़ी दुख की बात है। जिसमे उपसरपंच घनश्याम साहू, पंच तनुजा साहू, भोलू बंदे, संतोष सोनवानी, तकेश ठाकुर, मालती ठाकुर, रूखमणी ठाकुर, कुमारी साहू आदि उपस्थित थे।

■ आरती को 4 मत मिले व तनुजा को 14 मत मिले



**ग्रामीणों ने अधिकारी को इस बात पर लगाई आपत्ति**

ग्राम पंचायत पतोरा के पंचों ने अधिकारियों को पूछा कि सरपंच के पद के लिए 2 दिनों में आदेश हो गया लेकिन वार्ड क्रमांक 9 के पंच के निधन के 12 महीने हो गया है। उसी प्रकार वार्ड क्रमांक 18 के पंच पुरेन्द्र जांगड़े ने अपने पद से 18 महीने से जनपद में अपना इस्तीफा दे दिया था लेकिन आज तक चुनाव क्यों नही हो पाया क्या किसी के राजनीतिक दबाव के कारण गांव के लोगो को विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मानव अधिकार दिवस पर शिकसा ने किया आयोजन

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस व शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर 'मुझे है ये अधिकार' कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत उषा भट्ट ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया और कहा शिकसा मानव अधिकार को जन जन तक पहुंचने का काम कर रहा है। इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे रहा है। तदपश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने अपने उदबोधन में शिकसा महोत्सव में ज्यादा से सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपना अपना उदबोधन प्रस्तुत करते हुए शिकसा व कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया गया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी हसमुख ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सबका समीक्षा करते हुए अपनी बात रखते हुए मानव अधिकार व शहीद वीर नारायण सिंह के विषय में विचार प्रगटकिया । कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार यादव, ओपी कौशिक, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, विंध्यवासिनी पांडेय, रामकुमार पटेल, डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर, मदनलाल तोमर, हरमन कुमार बघेल आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202411102700004 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रवि कुमार पिता समारू, निवासी ग्राम हिर्री, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम हिर्री, प.ह.नं. 10, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 2272/12 रकबा 0.10 हे. जोकि आवेदक रवि कुमार पिता समारू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुसतिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 26.12.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार बोरी**



## कुथरेल में विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के वाणिज्य विभाग द्वारा भिलाई इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन बीईसी फूड्स ग्राम कुथरेल में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। जिसमें 35 विद्यार्थियों को उत्पादन प्रबंध के बारे में अमितेश मिश्रा प्रबंधक ने विस्तार से बताया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रश्न किए, जिसका उत्तर वहां के टेक्निकल इंजीनियर ने दिया। महाविद्यालय की वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जायसवाल एवं सहायक प्राध्यापक पूजा सोढा ने छात्रों का उचित मागदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके बैलेंद्र ने विभाग और छात्रों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## मुकेश ठाकुर का हुआ एसआई में चयन



**पाटन।** ग्राम पंचायत कुर्मी गुंडरा निवासी मुकेश ठाकुर का एसआई में चयन की खबर सुन मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल आडिल ग्रामीण युवाओं के साथ उनके निवास पहुंचकर बधाई दी। मुकेश ठाकुर बहुत ही सामान्य परिवार से आते है पिता दिलीप ठाकुर मजदूरी करते हैं। वहीं उनकी माता पूर्णिमा ठाकुर आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। पढ़ाई में मेघावी रहे मुकेश इंजीनियरिंग करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और आज उनका मेहनत रंग लाया। मुकेश की सफलता से परिवार समाज और गांव गौरवान्वित हुआ है। अब ग्रामीण युवा भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। कुर्मी गुंडरा में यूपीएससी और सीजीपीएससी के माध्यम से बहुत से युवाओं का अलग अलग विभागों में चयन हुआ है जिसमे यूपीएससी के माध्यम से डा प्रियंका आडिल इंकमटेक्स डिपार्टमेंट में चयनित होकर भारत सरकार में सेवा दे रहे हैं।




**बिजनेस साइट**

## मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड की ताकत: डायवर्सिफाई करें, स्थिर करें, सफल हों!

**भिलाई।** एक लंबी और अप्रत्याशित सफर की योजना बनाने की कल्पना करें क्या आप इतने लापरवाह होंगे कि पूरे सफर के लिए ट्रांसपोर्ट का एक ही साधन चुनेंगे? यदि कोई बाधा या देरी हो तो क्या होगा ? चुनौतियों के बावजूद सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश लोग कार, ट्रेन या उड़ान जैसे विकल्पों के कॉम्बीनेशन का विकल्प चुनेंगे। निवेश भी लगभग उसी तरह से काम करता है क्योंकि एक ही प्रकार की एसेट पर भरोसा करना जोखिम भरा है, इस तथ्य को देखते हुए कि बाजार स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित हैं, और कोई भी एसेट वर्ग सभी परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है । यहीं पर मल्टी- एसेट निवेश के कॉन्सेप्ट को महत्व मिलता है।



**प्रवीण कुमार मिश्रा**
डायरेक्टर, फिनसर्व प्रा.लिमि. भिलाई

**म्यूचुअल फंड के माध्यम से मल्टी- एसेट निवेश -** मल्टी-एसेट निवेश में आपके निवेश को विभिन्न एसेट वर्गों जैसे कि इक्विटी, डेट इंस्ट्रूमेंट्स और सोने या चांदी जैसी वस्तुओं में फैलाना शामिल है। मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड कम से कम तीन अलग-अलग एसेट कैटेगरीज के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत आवंटित करके निवेशकों के लिए इस प्रक्रिया को सहज बनाते हैं, और यह संतुलित एप्रोच सुनिश्चित करता है कि आपका पोर्टफोलियो विविधतापूर्ण बना रहे और बाजार की अस्थिरता के प्रति कम संवेदनशील रहे। जब इक्विटी में गिरावट आती है, तो डेट की स्थिरता या सोने की हेजिंग प्रकृति आपके निवेश की रक्षा कर सकती है ।

**सभी निवेशकों के लिए उपयुक्त-** शुरुआती लोगों के लिए, मल्टी- एसेट निवेश अलग-अलग निवेशों के प्रबंधन की जटिलता के बिना, विविधीकरण के लिए एक तैयार समाधान प्रदान करता है। दूसरी ओर, अनुभवी निवेशक संतुलन बनाए रखने और जोखिमों को कम करने के लिए इन फंडों का लाभ उठा सकते हैं । इक्विटी, जो वेल्थ क्रिएशन के लिए जानी जाती है, प्रकृति में साइक्लिकल हो सकती है। डेट, हालांकि अपेक्षाकृत स्थिर है, हाई रिटर्न नहीं दे सकता है । मुद्रास्फीति के दौर या वैश्विक अनिश्चितताओं के दौरान सोना बचाव का काम करता है। इन्हें मिलाकर, मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड स्थिरता और विकास का सही मिक्स प्रदान करते हैं।

चाहे आप पहली बार पोर्टफोलियो बना रहे हों या मौजूदा पोर्टफोलियो को रिफाइनिंग कर रहे हों, अप्रत्याशित बाजार व्यवधानों से सुरक्षा के साथ - साथ लॉन्गटर्म वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड एक विवेकपूर्ण विकल्प है।

ऐसा ही एक फंड जिसमें निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी- एसेट फंड । 22 वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, फंड ने अपनी स्थापना के बाद से (29 नवंबर, 2024 तक) 21.20 प्रतिशत का प्रभावशाली सीएजीआर रिटर्न दिया है। उसी तिथि तक, इसने 22.68 प्रतिशत का एक साल का मजबूत रिटर्न दिया है, साथ ही क्रमशः 19.73 प्रतिशत और 20.61 प्रतिशत के तीन साल और पांच साल के सीएजीआर रिटर्न दिया है।



## खबर संक्षेप



### पर्यावरण जागरुकता माह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) में विभागीय पर्यावरण जागरूकता माह का समापन समारोह हुआ। मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास, महाप्रबंधक राजेश गर्ग और उप महाप्रबंधक एस के अग्रवाल उपस्थित थे। महीनेभर चले तक चले जागरूकता माह के तहत कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के बीच पर्यावरणीय सामंजस्य को बढ़ावा देने के विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर ने आरईडी द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। एजीएम मालिनी परगनिहा ने रोजमर्रा की गतिविधियों में पर्यावरण महत्व को बताया। 56 बीएसपी कर्मचारियों और 14 श्रमिकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक (एचआर) शालिनी चौरसिया ने व वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। एजीएम अमित राय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों ईएमडी, एमआरडी, आरएमडी, पीपीसी, सीसीडब्ल्यू और सीएमडी विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों ने आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत संयंत्र का भ्रमण किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कान्त की अध्यक्षता में कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। सर्विसेस जोन के विभागों के 20 कर्मचारियों की पत्नियाँ शामिल हुई। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कर्मचारियों की पत्नियों के संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान को रेखांकित किया। एजीएम जया राय ने स्वागत भाषण दिया। सीजीएम ने राष्ट्र निर्माण में संयंत्र के उत्पादों के योगदान पर चर्चा की। संयंत्र भ्रमण के दौरान पत्नियों को संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों में इस्पात उत्पादन एवं रोलिंग प्रक्रिया को देखा। सुरक्षा एजीएम अवनीश दुबे ने संयंत्र भ्रमण से संबंधित सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक उपेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी साजिद हुसैन, अनुभाग अधिकारी लक्ष्मी दौलतानी व अफजल खान, नीरज गुप्ता बिरेन्द्र ओरांव, प्रिय ठाकुर, सोमा रानी, श्री अंजोर भी उपस्थित थे।

### बीएसपी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह




**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर–10 में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता थे।समारोह में विभिन्न गतिविधियों एटीएल टिंकरिंग, विज्ञान और कला प्रदर्शनी, सलाद सजावट, पुष्प सजावट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बीएसपी चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं के ईडी डां. एम रवींद्रनाथ, पवन कुमार, सीजीएम अरुण कुमार, संदीप माथुर, जीएम शिखा दुबे, सेफी चेयरमेन एनकबंछोर उपस्थित थे। श्री दासगुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी कड़ी मेहनत करें और जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास करें। प्रधानाचार्य सुमिता सरकार ने स्कूल की उपलब्धियों से अवगत कराया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व पौधे भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। पीटीए अध्यक्ष अनिक जार्ज ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम रिदम का आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न राज्यों के गीत व नाटकों की प्रस्तुति हुई। विज्ञान व कला प्रदर्षनी को भी सराहा। अकादमिक तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# आखिरकार पंडवानी गायिका तीजन को मिली पांच लाख रुपए की सरकारी मदद

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ तीजन के घर गनियारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पिछले डेढ़ साल से बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रहीं अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के प्रति आखिरकार राज्य सरकार ने उदारता दिखाई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायकों के साथ प्रशासनिक व स्वास्थ्य टीम के साथ पंडवानी की लोक गायिका तीजन की हालत जानने मंगलवार को उनके निवास गांव गनियारी पहुंचे। उन्होंने तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पंडवानी गायिका को प्रदान किया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का भरोसा भी परिजनों को दिलाया। परिजनों के अच्छे व सतत इलाज के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी की माँग पर मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। चिकित्सकों की टीम ने तीजन का चेकअप भी किया। इस अवसर पर अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और शहर के विधायकं गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एसडीएम, तहसीलदार ,सीएमएचओ डां. मनोज दानी और चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।



### मंत्री के हौसले से परिजनों को नई उम्मीद

पंडवानी गायिका 78 वर्षीय तीजन बाई पिछले डेढ़ साल से पैरालाइज व हार्ट की बीमारी से अस्वस्थ चल रही हैं। पहले की तरह बात नहीं कर पातीं और बेड पर ही हैं। उन्होंने पंडवानी की अंतिम प्रस्तुति दो साल पूर्व भोपाल में दी थी। परिजनों ने बताया कि परिवार में कोई सरकारी नौकरी में नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन व परिजनों का हौसला बंधाते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा कर शासन स्तर पर भरसक मदद की बात कही। इस दौरान पंडवानी गायिका तीजन बाई की बहन रंभा, बहू सावित्री, रेणू देशमुख, नाती सिद्धार्थ आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे। रेणू ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री की हौसलाआफजाई से तीजन अम्मा सहित परिवार को नई उम्मीद बंधी है। उन्होंने 5 लाख की आर्थिक सहायता के साथ बेहतर इलाज करवाने का भी भरोसा दिलाया है।

## अधिकारियों की पूरी हो रही मांगें, कर्मियों की अटकाए

# सेल में कर्मियों और अफसरों के बीच भेदभाव से बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) में सुविधाओं को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों किए जा रहे भेदभाव से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के लगातार ज्ञापन से लेकर आंदोलन के जरिए ध्यानाकर्षण के बाद भी कर्मियों की लंबित समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। बीएकेएस के मुताबिक अधिकारियों के सभी माँगो को पूरा किया जा रहा है तो दूसरी तरफ सेल कर्मचारियो के मुद्दो को वर्षो से अटकाए रखा गया है।

बीएकेएस के उप महासचिव नवीन ने बताया कि कर्मचारियों की कई मांगों का निदान अब तक नहीं किया गया है। कई मुद्दे लंबित हैं। वेज रीविजन एमओए,. फिटमेंट तथा पर्क्स एरियर का भुगतान, बोनस फॉर्मुला में सुधार, हाउस पर्क्युजिट में आयकर छूट,एनजेसीएस में सुधार ग्रेड वाईज पदनाम, सुपरवाईजरी कैडर, ट्रांसफर कर्मचारियों की घर वापसी, इंसेंटीव रिवार्ड में सुधार, छुट्टियों की संख्या को अधिकारी वर्ग के बराबर करने आदि मांगें लंबित हैं।

### कम हो कर्मी

| साल | कर्मचारी |
|---|---|
| 2024-25- | 2890 |
| 2025-26- | 2693 |
| 2026-27 - | 2713 |
| 2027-28- | 3006 |
| 2028-29- | 3016 |
| 2029-30- | 2866 |
| 2030-31- | 2583 |
| 2031-32- | 2523 |
| 2032-33- | 2138 |
| कुल- | 24428 |

### घट रहे कर्मी, बढ़ रही समस्याएं



### अनफेयर लेबर प्रेक्टिस

“इस्पात मंत्रालय की मिनिरत्ना कंपनी एमओआईएल तथा मेकॉन के कर्मचारियों की सुविधाएँ सेल कर्मचारियों के मुकाबले कई गुना अधिक है। सेल प्रबंधन लगातार अनफेयर लेबर प्रैक्टिस किए जा रहा है।

**नवीन ध्रुव,**
उप महासचिव बीएकेएस

## नंदिनी माइंस चिकित्सालय में मिशन लक्ष्मी हुआ शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी सेक्टर 9 अस्पताल द्वारा सीएसआर विभाग के सहयोग से मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डां. कौशलेन्द्र ठाकुर द्वारा नंदिनी माइंस चिकित्सालय में किया गया। उन्होंने मिशन के महत्व पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर ने इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की अनुसंशा की। मिशन लक्ष्मी के तहत किशोरी बालिकाओं, युवतियों, महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। आयरन, फोलिक एसिड, कैल्सियम टेबलेट का वितरण भी किया जाता है। चीफ कंसल्टेंट (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डां. शुभस्मिता द्वारा बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य, टीकाकरण व जीवनशैली पर परिचर्चा की गई। चीफ कंसल्टेंट (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ड निशा ठाकुर द्वारा स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण तथा सजगता व डां. प्रिया साहू द्वारा पैथोलोजी जांच को सुव्यवस्थित किया गया।

■ बालिकाओं व महिलाओं को स्वास्थ्य के लिए किया जागरुक

## बाबा गुरु घासीदास जयंती...



**भिलाई।** वैशालीनगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन गुरुघासी दास जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने पंथी नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन भी किया।

## एसएमएस 2 में पौधारोपण कार्यक्रम, किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शाप 2 (एसएमएस–2) विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत स्लैब एवं ब्लूम स्टोरेज यार्ड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने एवं संयंत्र के कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर जोर दिया गया।कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत व एसके घोषाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विभागीय कर्मियों ने भी योगदान दिया। उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना एवं एक स्वस्थ औद्योगिक वातावरण बनाना है। अतिथियों ने कहा कि यह अभियान औद्योगिक परिसर के भीतर पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देते हुए एक हरियाली भरे और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में सामूहिक योगदन को प्रदर्शित करता है।

## अनस चुने गए एसआईओ छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष



**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया (एसआईओ) की छत्तीसगढ़ जोनल एडवाइजरी काउंसिल की चुनावी बैठक राजधानी रायपुर में हुई। जिसमें अनस खान को नया अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव की प्रक्रिया में एडवाइजरी काउंसिल के सदस्यों ने गहन चर्चा के बाद अनस खान को अपना अध्यक्ष निर्वाचित किया। इस चुनावी बैठक की अध्यक्षता के लिए फहीमुल्लाह खान (जनसंपर्क सचिव, जमात-ए-इस्लामी हिन्द, छत्तीसगढ़) उपस्थित थे। इसके साथ ही बैठक को ज़िया-उर-रहमान (प्रतिनिधि, एसआईओ इंडिया) ने संबोधित किया। इस बैठक में एसआईओ छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एसके अमानतुल्लाह, इदरीस खान आदि उपस्थित थे।

# भारतीय खान ब्यूरो के दल ने रावघाट खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में "आठवीं खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह" का आयोजन किया गया। ब्यूरो द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। दल के संयोजक, उप महाप्रबन्धक (एनएमडीसी) सुशांत रामटेक थे व सदस्य दीपांकर साहा और मोतीलाल जाट उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार तथा महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट थे।

कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के बाद महाप्रबंधक श्री बिष्ट ने स्वागत भाषण और खदान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता द्वारा अतिथियों को खदान में किए जा रहे खनन कार्य के बारे में समझाया गया तथा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी।

खदान के निरीक्षण के बाद ग्राम खोडगांव, नारायणपुर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, खदान के अधिकारी, कर्मचारी एवं डीएवी स्कूल, नवोदय स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल के शिक्षक सहित विद्यार्थी मौजूद थे। श्री रामटेके ने रावघाट प्रबंधन द्वारा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण हेतु किया जा रहे विभिन्न प्रयासों को सराहा।

■ रावघाट माइंस में पर्यावरण संरक्षण सप्ताह




### विजेताओं को किया पुरस्कृत

पर्यावरण जागरुकता लाने मांडल, स्लोगन व नुक्कड़ नाटकों का अवलोकन कर विजेजाओं को पुरस्कृत भी किया। निरीक्षण दल द्वारा पौधारोपण किए जाने के पश्चात कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों में जागरूकता लाने हेतु आयोजित मडल, स्लोगन, पोस्टर तथा नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया गया तथा प्रत्येक प्रतिभागी एवं विजेता को पुरस्—त भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएवी स्कूल की व्याख्याता सुमन और आभार प्रदर्शन सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) श्री डी एन रस्तोगी द्वारा दिया गया।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

20 दिसम्बर शुक्रवार गायत्री मंदिर पाटन
असाध्य रोग मिटाओ
—होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान—
ठंड में गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
शुगर, बी.पी. थायराइड कोलेस्ट्रॉल यौन समस्या का विशेष उपचार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
लगभग 1500/- की जांच बिलकुल फ्री
• ECG (हार्ट की जांच), BMI (हड्डी की जांच)
• मोटापे की जांच
• पाईल्स, भंगदर की जांच मशीन द्वारा
• खून की जांच FREE थायराइड, हीमोग्लोबिन कैल्शियम, यूरिक एसिड, कॉलेस्ट्रॉल
Dr Lal PathLabs
रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर
सुबह 10 से 3 बजे
मूत्र रोग : पेशाब करते समय जलन, दर्द, कमजोर धार, ताकत लगाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, झाग, बदूब, पेनिस में छाले, UTI, प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, यौन कमजोरी
स्त्री रोग : पुराना सिर दर्द (माइग्रेन) PCOD (महीना अच्छे से न आना), सफेद पानी (Leucorrhoea), ब्रेस्ट में गाठ (Fibroadenoma)
पेट एवं गुदा रोग : गैस, भूख न लगना, कब्ज (पेट साफ न होना) पाईल्स, भगन्दर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, मवाद एवं खून आना का दवा द्वारा संपूर्ण निदान।
दवाईयों पर 50% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
कृपया फोन पर अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
9630634468, 9406004581
पाटन - गायत्री मंदिर, पाटन (छ.ग.)
रायपुर स्थाई पता - कटोरा तालाब नेताजी चौक, रायपुर (छ.ग.)

04



लंदन की नुमाइश

## लाइव इवेंट

### नई उमंग और उत्साव भरने, संस्कृति-परंपराओं को सहेजने सद्भावना यात्रा निकली



**भिलाई।** ट्विनसिटी के ग्रुप ने राजस्थान के लिए सद्भावना यात्रा निकाली है। परिवार के अंदर नई उमंग व उत्साह भरने, महिलाओं को घर परिवार के दैनिक दायित्वों से कुछ समय के लिए मुक्ति दिलाकर प्रकृति का आनंद लेने तथा अपने राज्य के अलावा दूसरे राज्य को जानने, वहां की संस्कृति परंपरा से रुबरु कराने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का उद्देश्य सदस्यों में आपसी सद्भाव व भाईचारा में मजबूती प्रदान करना भी है। यह सद्भावना यात्रा एक दिवसीय, दो दिवसीय अथवा बहु दिवसीय है। इसके तहत अब तक कई राज्यों तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। इस वर्ष की सद्भावना यात्रा राजस्थान के लिए रवाना हुई, जिसमें भिलाई, दुर्ग व रायपुर के 80 से ज्यादा सदस्य शामिल हुए। इस दौरान जयपुर में बिड़ला मंदिर, हवामहल, जंतर मंतर, जलमहल सिटी पैलेस, आमेर, जयगढ़, नाहरगढ़ किला, खाटूश्याम, पुष्कर में पुष्कर सरोवर, ब्रम्हा जी का मंदिर, गायत्री देवी शक्ति पीठ , चित्तौड़गढ़ में विजय कीर्ति स्तंभ, रानी पद्मावती महल,मीरा मंदिर, चित्तौड़गढ़ किला, उदयपुर में महाराणा प्रताप संग्रहालय, सिटी पैलेस, गुलाब बाग, फतेह सागर, एलिजाबेथ झील, उदयपुर में एकलिंगजी, नाथद्वारा मंदिर, कुंभलगढ़ किला आदि शामिल हैं।

■ राजस्थान के पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का करेंगे भ्रमण

## सिटी इवेंट

### साई महोत्सव पर आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आज



**दुर्ग ।** कसारीडीह सिविल लाईन स्थित साई बाबा मंदिर का 48वां वार्षिक साई महोत्सव 12, 13 और 14 दिसंबर को मनाया गया। समारोह के अंतिम दिन नगर भ्रमण के लिए बाबा की पालकी निकाली गई। इसके अलावा रंगोली, ड्रॉइंग, मेहन्दी व पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 19 दिसंबर को शाम 7.30 बजे परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस दौरान सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथि के हाथों पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में सुरधारा म्यूजिकल फाउंडेशन के तीन दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चे गीत-संगीत की प्रस्तुति देंगे। इन तीनों दिव्यांग बच्चों का उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित इंडिया बिगेस्ट टीवी रियालिटी शो हुनर का मंच के मेगा ऑडिशन में फाइनल राउंड के लिए चयन किया गया है। मंदिर समिति द्वारा फानलिस्ट तीनों दिव्यांग बच्चों का सम्मान किया जाएगा। 48वें वार्षिक श्री साई महोत्सव पर आयोजित रंगोली, ड्रॉइंग, मेहन्दी व पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता में करीब 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया था। उनकी कलाकृति को लोगों की काफी सराहना मिली थी। समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ और सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों एवं श्रद्धालुओं से पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### बॉक्सिंग में सुष्मिता और खुशबू, तैराकी में धनु और भूमिका का चयन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की चार छात्राओं का चयन अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। इसमें पीजी डिप्लोमा इन योगा की सुष्मिता नायक का चयन हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी की बॉक्सिंग टीम में 56 किग्रा वजन समूह में हुआ है। वहीं बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्रा खुशबू तांडी का चयन 45 किग्रा वजन समूह में हुआ है। दोनों खिलाड़ी गुरु काशी विश्वविद्यालय भटिन्डा पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। सुष्मिता नायक ने अमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दिनों आयोजित राज्य स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। खुशबू अपने वजन समूह में दूसरे स्थान पर रहीं। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में अध्यनरत धनु ओझा, बीएससी गृहविज्ञान, प्रथम सेमेस्टर, भूमिका ओझा एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर का चयन ईस्ट जोन के बाद अखिल भारतीय तैराकी प्रतियोगिता में हुआ है।

● डीपीएस दुर्ग के स्पोर्ट्स डे समापन समारोह में पहुंचे मंत्री केदार कश्यप, आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी

# प्रगति पथ पर अग्रसर भारत की थीम पर बच्चों ने दी प्रस्तुति योग, एरोबिक और भांगड़ा, छत्तीसगढ़ी नृत्यों ने बांधा समां

दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी रोड दुर्ग के स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन-2024 का बुधवार को समापन हुआ। दो दिवसीय इस समापन समारोह में वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री केदार कश्यप, आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, कवि और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के पूर्व डीन डॉ. हरिओम पंवार, कवि, लेखक, यश भारती अवार्डी और पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी, डीपीएस मैनेजिंग कमेटी के मेंबर एच बत्रा और सात्विक सिंधु प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रगति पथ पर अग्रसर भारत थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। एरोबिक, भांगड़ा, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्यों ने समापन समारोह में समां बांधा।











**भिलाई।** आयोजित कार्यक्रम में आए अतिथियों का पौधा देकर सम्मान किया गया। प्राचार्य यशपाल शर्मा, वरिष्ठ मास्टर आरसी द्विवेदी ने इस दौरान डीपीएस स्कूल की वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने खेल गतिविधियों और प्रतिभावान विद्यार्थियों की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट साझा की। मुख्य अतिथि केदार कश्यप ने स्कूल का ध्वज फहराया गया। खेल दिवस ओपन की घोषणा की गई, जिसके बाद स्कूल के खेल सचिवों द्वारा ज्योति प्रज्वलित की गई। गुब्बारे छोड़े गए। डीपीएस दुर्ग के बैनर को चिह्नित किया गया। इसके बाद अतिथियों ने हाउस अप इंटमेंट टुकड़ियों का निरीक्षण किया। सीनियर विंग के छात्रों की चार हाउस टुकड़ियों द्वारा शानदार और अच्छी तरह से समन्वित मार्च पास्ट की सलामी ली। मंत्री केदार कश्यप ने स्कूल में हुई नियुक्तियों को शपथ दिलाई। इस आयोजन का सबसे दिलचस्प पहलु तेजमजबूत, उच्चतर, एक साथ थीम पर आधारित संदेश उन्मुख फील्ड डिस्प्ले था, जिसमें बड़े पैमाने पर छात्र भागीदारी शामिल थी। मैदान पर रंगों और जीवंतता बिखेर रही थी। प्रदर्शनों में कक्षा छठवीं से आठवीं के छात्रों ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए फोकस, धैर्यपूर्वक और स्थिरतापूर्वक और कक्षा छठवीं से आठवीं की लड़कियों के लिए विविध और प्रगतिशील भारत का जश्न मनाया गया।

### सांस्कृतिक परंपराओं की प्रस्तुति ने बटोरी वाहवाही

इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित प्रस्तुति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ कौशल विकास की दिशा में भी कार्य किया जाना वर्तमान समय की जरुरत है। डॉ. सुनील जोगी ने खेल दिवस 2024 की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत स्पष्ट है। डॉ. हरिओम पंवार ने कहा कि डीपीएस दुर्ग जैसे स्कूल में अध्ययन करने के लिए छात्र बहुत भाग्यशाली हैं। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही बच्चों का सर्वांगिण विकास संभव है।अरावली हाउस को मार्च पास्ट में सर्वश्रेष्ठ हाउस और खेल स्पर्धाओं में भी समग्र सर्वश्रेष्ठ हाउस चुना गया। समापन समारोह के समापन की घोषणा के साथ स्लो मार्च के बाद स्कूल का झंडा प्रिंसिपल को सौंप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष गगन इंदर सिंह विर्दी, जोहरा हुसैन ने किया। फील्ड डिस्प्ले के स्मार्ट छात्र एंकर शरण्या गुप्ता और अयान जयसवाल थे।

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिला सम्मान



इस अवसर पर 100 मीटर, रिले रेस सहित ट्रैक इवेंट आयोजित किए गए। पालकों और शिक्षकों के लिए एक दौड़ हुई। इसके बाद पुरस्कार वितरण में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा छह से सात तक के सर्वश्रेष्ठ एथलीट बालक तनिष्क ध्रुव, विंध्या हाउस और सर्वश्रेष्ठ एथलीट बालिका आद्या तिवारी, अरावली हाउस थे। कक्षा आठवीं और नौवीं के एथलीट बालक आदर्श अग्रवाल, अरावली हाउस और एथलीट बालिका रिया देशमुख विंध्य हाउस रहीं। दसवीं से बारहवीं कक्षा के लिए एथलीट बालक शौर्य सोनी, नीलगिरि सदन और एथलीट बालिका आस्था साहू, शिवालिक सदन रहीं।

स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, मंगल पाठ के साथ शिविर का आगाज

कार्नर न्यूज

# ऋषभदेव परिसर में जुटे देशभर से आए 300 से ज्यादा जैन साधक



**दुर्ग।** ऋषभदेव परिसर शिवपारा में बुधवार को अखिल भारतीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का शंखनाद हुआ, जिसमें उप प्रवर्तक डॉ. सतीश मुनि के मंगल पाठ के साथ इस आध्यात्मिक आयोजन की शुरुआत हुई। साध्वी डॉ. विजय श्री, डॉ. प्रिय दर्शना, डॉ. सु मंगल प्रभा के सानिद्धय में इस आयोजन की शुरुआत हुई। साध्वी विजय श्री, प्रिय दर्शना, सु मंगल प्रभा, तरूलता, विक्षक्षणा ने देशभर से आए स्वाध्याय साथियों को प्रशिक्षण दिया। गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में दिनेश मुंडोत, मनोज पटेरिया, सरोज कोठारी, दिलीप, वया प्रतिभा, गांधी बसंती सहित अन्य मौजूद थे। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ के बैनर तले आयोजन किया जा रहा है। नीलम बाफना, टीकम छाजेड़ तथा निर्मल छाजेड़ के संयोजन में आयोजन किया जा रहा है।

### सुबह साढ़े 5 से 9 बजे तक 300 से ज्यादा कर रहे विद्या अभ्यास

शिविर में हर दिन सुबह साढ़े 5 बजे से 9 बजे तक 300 से अधिक सदस्यों द्वारा विद्या अभ्यास किया जा रहा है। ज्ञान अभ्यास में लोकाकाश की रचना, संकट के समकित के 67 बोल, नंदी सूत्र, उत्तराध्ययन का 28 वां अध्ययन इत्यादि विषयों पर अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बुधवार को सदस्यों को अंतगड सूत्र, कर्म प्रकृति, प्रतिक्रमण आदि विषयों के विशेष की गहराइयों बताई गई। 5 दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में लोगों को उत्साह चरम पर है। शिविर के सफल संचालन में निर्मल बाफना, सतीश सुराना, अशोक रतन बोहरा, रोहित सुराना, गौतम चोरड़िया, पदम छाजेड़, रचिता श्री श्रीमाल, कविता रतन बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।



### नगपुरा तीर्थ में पार्श्व प्रभु जन्म-दीक्षा कल्याण महोत्सव 24 से

श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ तीर्थ नगपुरा में पार्श्व प्रभु जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव 24, 25 और 26 दिसम्बर मनाया जाएगा। तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया ने बताया कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में विख्यात तीर्थकर श्री पार्श्वनाथ प्रभु की साधना स्थली, तपोभूमि नगपुरा में श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ प्रभु की छत्र छाया में तीन दिवसीय उत्सव अंतर्गत अट्ठम तप की आराधना सह विविध महापूजन एवं अनुष्ठान का मांगलिक कार्यक्रम है, जिसमें भाग लेने देशभर से श्रध्दालुओ का आगमन हो रहा है। इस महोत्सव में निश्रा प्रदान करने आचार्य धनपाल-हेमचंद्र-जयसुंदर सूरीश्वर के विद्वान शिष्यवृंद मुनि जयपाल विजय, प्रियदर्शीविजय, तीर्थ प्रेम विजय और साध्वी राजरत्ना सहित 17 साध्वी 21 दिसम्बर की सुबह पदविहार कर नगपुरा तीर्थ पहुंच रही हैं।

**23 दिसंबर को अत्तर पारणा से होगा महोत्सव का आगाजः** 23 दिसम्बर को अट्ठम तपस्वियों का अत्तर पारणा होगा। इसके साथ ही महोत्सव की शुरुआत होगी। 24 दिसम्बर को सुबह शिवनाथ नदी तट पर स्नात्र उत्सव की संरचना के बाद शिवनाथ, महानदी, शत्रुंजय, गंगा, यमुना आदि 108 नदियों की जल का कलश यात्रा के पारम्परिक नृत्य मंडली के साथ जल तीर्थ लाया जाएगा। तीनों दिन तीर्थ संकुल में प्रतिष्ठित जिनबिम्बों का अभिषेक होगा। सुबह 9.30 बजे पूज्यवरों का प्रवचन, दोपहर 12.36 से पार्श्व पद्मावती महापूजन तथा रात्रि में भक्ति भावना होगी। 25 दिसम्बर को पोष बदी दशम को प्रातः जन्मकल्याणक वरघोडा, मेरुपर्वत प्रांगण पर स्नात्र महोत्सव, जन्माभिषेक विधान सम्पन्न होगा। सुबह 9:30 बजे से उपाश्रय प्रवचन सभागृह में धर्मसभा का आयोजन होगा। प्रवचन, जन्म-कल्याणक उत्सव , चौदह सपनों का अवतरण, श्रीपार्श्वजन्मवांचन का मांगलिक कार्यक्रम है। दोप 12.36 बजे से सामूहिक 54 जोड़े के साथ भव्य 108 पार्श्वनाथ महापूजन होगी। इसी दिन संध्या 7.15 बजे से भक्ति संध्या के बाद कुमारपाल के साथ स्वद्रव्य से जन्म कल्याणक महाआरती होगी। 26 दिसम्बर को दीक्षा कल्याणक वरघोड़ा के बाद धर्मसभा होगी। दोपहर 12:36 बजे से पंच पार्श्व अनुष्ठान होगा। 27 दिसम्बर को प्रातः अट्ठम तपस्वियों का पारणा होगा। 28 दिसम्बर से 1 जनवरी तक बालिकाओं के लिए विशेष शिविर तीर्थ में होगा। साध्वी राजरत्ना, वृंद की निश्रा सकारात्मक ऊर्जा अभिवृद्धि के लिए प्रशिक्षण देंगी।

## सिटी इवेंट

# जीवन को सरल बनाएं, मीठा खाने से परहेज करें, बोलने से नहीं: डॉ. अजय



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहूती दी गई।

आर्य समाज मंदिर में आयोजित सत्संग को संबोधित करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि आजकल लोग बीपी और शुगर से जूझ रहे हैं। डॉक्टर ने मीठा खाने से परहेज करने की सलाह दी है। लोगों ने मीठा खाना तो छोड़िए मीठा बोलना भी छोड़ दिया है। जो मीठा बोलता है वही दिलों तक पहुंचता है। वेद मेंट्रो में प्रार्थना की गई है कि मैं शहद जैसा मीठा बोलूं। जो मीठा नहीं बोलता वह मानसिक व्याधियों से गिर जाता है। उन्होंने कहा कि मै बहुत से परिवारों में जाता हूं। कोई ऐसी सत्संगी है जो 50-50 वर्षों से धर्म कर्म की बातें सुन रहे हैं। जीभ ज्ञान से भरपूर है लेकिन व्यवहार में ज्ञान बिल्कुल नहीं है। पंचतंत्र में कहा गया है कि जो विद्यार्थी विद्यालय के नियमों का पालन करता है वह हमेशा आगे बढ़ता है इस बात का ध्यान रखें। ग्रंथों लिखा है कि विद्या का पहला फल विनम्रता है। ज्ञान अल्प नहीं अभी तो सशक्त हैं। उषा शर्मा वर्तमान में भी कार्यरत हैं।

### जीवन जीने बताएं तीन मंत्र

जीवन के तीन मंत्र बताते हुए कहा कि आनंद में वचन मत दो, क्रोध में उत्तर दो और दुख में निर्णय मत लीजिये। जल्दबाजी भी व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। कुछ लोग आलसी होते हैं और अपने आप को हमेशा सही साबित करने की कोशिश करते हैं। आचार्य नें उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार परीक्षा परिणाम आया और बच्चा फेल हो गया। माता पिता ने उसे खूब डांटा। अंत में पिता हार मानते हुए गुस्से में कहा बेटा याद करो और बताओ कि क्या तुमने कभी ऐसा कोई काम किया है जिससे मैं सर उठा कर चल सकूं। पुत्र ने उनसे कहा कि हां पिताजी याद आया एक बार मैंने आपके सर के नीचे तकिया लगाया जिससे आपका सर ऊंचा हुआ थआ। कार्यक्रम में कृष्ण मूर्ति, तुषार आर्य, हिमांशु आर्य, अंकित आर्य, कविता आर्य, किरण आर्य, साक्षी आर्य, आकाश बिंद, सौरभ, आनंद आर्य, किशोर सोनी, सतीश कुमार, इंद्र आर्य, निधि साहू, सत्यभामा, भोपेश साहू, अतुल, कान्हा सहित अन्य आध्यात्मिक लोगो ने भाग लिया।

● लोधी क्षत्रिय समाज का नेहरू संस्कृतिक भवन सेक्टर वन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# सुयोग्य जीवनसाथी चुनने सैकड़ों युवक-युवतियों ने मंच से दिया अपना परिचय, बुजुर्गों की सेवा करने दी सलाह

**भिलाई।** लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा नेहरू संस्कृतिक भवन सेक्टर 1 भिलाई में परिवारिक मिलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लगभग 150 युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच के माध्यम से दिया। जिसमें 80 प्रतिशत युवतियां थी। इस बार खास बात यह रही की समाज के युवाओं के लिए परिचय के बाद रिश्ते की बात करने के लिए उनके परिजनों के लिए विशेष कक्ष की तैयार किया गया था, ताकि आपस में वार्तालाप कर सके। दो दर्जन से अधिक परिजनों ने चर्चा की। जिसमें 20 से अधिक रिश्तो के लिए बात आगे बढ़ाने की जानकारी दी गई। अन्य प्रदेशो से आये पदाधिकारियों ने परिवार को एक रहते हुए बुजुर्गो का सम्मान कर उनकी सही ढंग से देखभाल करते हुए सेवा करने की बाते कही।






सभी वर्गो ने की शिरकत

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक रोहित जंघेल, अध्यक्ष फतेलाल जंघेल, उपाध्यक्ष उत्तम चंदेल, महासचिव विशाल राम वर्मा,कोषाध्यक्ष राजेश जंघेल, अंकेक्षक रामावतार चंदेल, कार्यकारिणी मनीराम वर्मा, अशोक वर्मा, अलखराम वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार जंघेल, भगवती वर्मा के अलावा समस्त 20 इकाई के पदाधिकारी एवं रानी अवंती बाई लोधी महिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के अलावा समाजसेवी सहित हजारों की संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं, युवा और सभी वर्गो के लोग उपस्थित थे।

### प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान



सम्मेलन में इस बार दुर्ग-भिलाई रायपुर एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, यूपी से भी उनके परिवार शामिल हुए। इन युवाओं को भी मंच पर परिचय देने का अवसर दिया गया। यह लोधी क्षत्रिय समाज के आयोजन का 27वां वर्ष रहा। इस अवसर पर इस वर्ष की पांच आजीवन सदस्य का भी मंच में सम्मान किया गया एवं समारोह के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया जिन छात्र-छात्राओं के 10वीं एवं 12वीं में 85% से अधिक अंक अर्जित किए थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन महिला एवं बालक-बालिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई एवं मुख्य अतिथि कमलेश्वर वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी समाज उपस्थित थे। विशेष अतिथि में गिरवर राजपूत न्यायाधीश, रमेश पटेल पूर्व महासचिव छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, नीता लोधी पूर्व महापौर नगर निगम भिलाई, लालचंद वर्मा एमआईसी सदस्य नगर निगम भिलाई, प्रकाश वर्मा सर्कल अध्यक्ष खैरागढ़ थे।

### समाज के एकजुट होने की कही बात

आयोजन में उपस्थित अतिथि कमलेश्वर वर्मा ने समाज को एकजुट होने की बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज के अनेक घरों में आज भी रूढ़िवादी परंपरा चल रही है जिसे पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए। अनेक परिवारों में बेटा-बहू द्वारा अपने माता-पिता को प्रताड़ित या किसी तरह से तकलीफ देने की बात सामने आती है उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता का सम्मान करें, उनकी सेवा करें यही सबसे बड़ी सेवा है। समाज के अन्य वरिष्ठ जनों में गिरवर राजपूत ने शिक्षा के क्षेत्र में माता-पिता को विशेष ध्यान देकर बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात कही एवं अन्य अतिथियों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। समाज के अध्यक्ष उत्तम चंदेल ने भी सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए इस तरह के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया।

## सिटी लाइव

# नए साल के स्वागत की थीम की लॉन्च नए लक्ष्यों को लेकर किया गया मंथन




**दुर्ग।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) यंग इंडियंस (वाईआई) दुर्ग चैप्टर ने अनंत्या ग्रीन्स में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ अपना दूसरा वार्षिक दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में 2024 के दौरान चैप्टर द्वारा की गई उपलब्धियों और पहलों पर प्रकाश डाला गया और आगामी वर्ष के लिए दृष्टिकोण निर्धारित किया गया। वर्तमान अध्यक्ष साकेत रूंगटा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पूरे वर्ष में आयोजित प्रभावशाली गतिविधियों और कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। कौशल विकास कार्यशालाओं से लेकर समुदाय-संचालित पहलों तक, चैप्टर के प्रयासों की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय जैन, उपाध्यक्ष सीआईआई राज्य परिषद छत्तीसगढ़ और तरंग खुराना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वाईआई सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाम का मुख्य आकर्षण 2025 के लिए नए नेतृत्व की घोषणा थी। गौरव अग्रवाल को अध्यक्ष और अभिषेक सुराना को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2025 के लिए थीम का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में श्वेता सोंगेन, सुधीर उषा अग्रवाल, महावीर मंजू सुराना, डॉ. राखी नागरिया, डीसी अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

■ सीआईआई यंग इंडियंस दुर्ग चैप्टर ने मनाया दूसरा वार्षिक दिवस

## क्रिकेट प्रतियोगिता

# फ्लड लाइट क्रिकेट का आज से होगा आगाज अग्रसेन प्रीमियर लीग में 16 टीमें लेंगी हिस्सा




**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई द्वारा 4 दिवसीय फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता अग्रसेन प्रीमियर लीग का आयोजन 19 से 22 दिसंबर तक किया जा रहा है। क्लब द्वारा लगातार तीसरे वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। पं. दीनदयाल खेल परिसर, मिनी स्टेडियम, न्यू खुर्सीपार में आयोजित इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रूपए पुरस्कार राशि व द्वितीय टीम को 31 हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। साथ ही प्रतिदिन दर्शकों, मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सिरीज को भी पुरस्कृत किया जाएगा। अग्रवाल यूथ क्लब के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि नॉकआउट मैच पैटर्न पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में जिले के 8 टीमों के अतिरिक्त रायपुर, सरायपाली,रायगढ़, बिलासपुर, राजनांदगांव की टीमें भी हिस्सा लेंगी। इसमें प्रतिदिन दर्शकों के लिए लक्की ड्रॉ के तहत दो चांदी के सिक्के, प्लेयर ऑफ द मैच को चांदी का सिक्का और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स सायकल बतौर पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को दोपहर 12 बजे उद्घाटन समारोह में मुख्य आतिथि गौरव हिम्मतसिंघा एवं बंसी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश लोहिया, संदीप अग्रवाल, योगेश राठी, नमन कोठारी, गौरव अग्रवाल व आकाश गोयल उपस्थित होंगे।

**यह टीमें लेंगी हिस्सा:** प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनमें रॉयल चैलेंजर्स दुर्ग, भिलाई रॉयल्स, गोयल स्ट्राइकर्स, एजी हॉक्स, अग्रवाल लेजेंड्स, अग्रवाल इलेवन भिलाई, अग्रवाल स्ट्राइकर्स, भिलाई गैंगस्टर्स, रॉयल चैलेंजर्स बिलासपुर, रॉयल फ्लश रायगढ़, राइसिंग स्टार रायपुर, द फोर ऐस रायपुर, अग्रवाल स्पार्टन्स रायपुर, श्री अग्रसेन स्ट्राइकर्स रायपुर, राजनांदगांव रॉयल्स व जेएसीसी सरायपाली शामिल हैं। प्रतियोगिता के संयोजक अंकित बंसल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी, साथ ही सभी से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से यूथ क्लब के सचिव निखिल अग्रवाल एवं संस्थापक दिलीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल उपस्थित थे।

## प्रवचन श्रृंखला का आयोजन

# वास्तविक गुरु की शरणागति से भगवत्प्राप्ति संभव: धामेश्वरी देवी



**भिलाई।** जगदगुरु स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा रिसाली सेक्टर के बड़ा दशहरा में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। जिसके नौवे दिवस धामेश्वरी देवी ने बताया कि भगवान की प्राप्ति वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है। वेदों में कहा गया है कि ईश्वरीय विषय के तत्व ज्ञान के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। रामायण कहती है गुरू बिनु भव निधि तरइ न कोई गुरु शास्त्र वेद का पूर्ण ज्ञाता भी हो और जिसने ईश्वर साक्षात्कार भी किया हो। वेदों-शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गुरु और भगवान अलग न होकर एक ही तत्व है। भागवत में कहा गया है आचार्यं मां विजानयान। भगवान अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन तू मुझे ही गुरु मान। इसलिए हरि और गुरु की शरणागति उनके प्रति पूर्ण समर्पण से ही हमारा काम बनेगा। ज्ञानमार्गी से भक्तिमार्गी श्रेष्ठ है क्योंकि ज्ञानमार्गी का पतन हो जाता है क्योंकि ज्ञानी को अपने ज्ञान का मिथ्या अभिमान होता है बल्कि भक्त अपने आप को दीन हीन, पतित मानता है तो उस पर दीनानाथ भगवान की कृपा जल्दी हो जाती है। ज्ञानी अपने बल पर चलता है जबकि भक्त भगवान के बल पर आश्रित होता है। इसलिए भक्त का पतन नहीं होता क्योंकि वहाँ पर गुरु उसका योगक्षेम वहन करता है। भगवान ने गीता में कहा है कि भगवान के पूर्ण शरणागत होने पर ही माया से पार हो सकते हैं। इस प्रकार ज्ञान मार्ग को बहुत कठिन और भक्ति मार्ग को अत्यंत सरल बताया गया है। प्रवचन का अंत राधा कृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ। प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 20 दिसम्बर तक रोज शाम 6 से रात 8 बजे तक होगा।



## समाज इवेंट

# ट्विनसिटी के कलाकारों ने उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को दी श्रद्धांजलि




**भिलाई।** विश्व विख्यात तबला सम्राट पद्म विभूषण जाकिर हुसैन को ट्विनसिटी की संगीत धर्मी संस्था गुंजन (रशियन काम्प्लेक्स) द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की गई। गुरदीप सेंगर ने ज़ाकिर हुसैन के कई संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर गुरदीप सेंगर और डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव के साथ गुंजन' के मुख्य कलाकार गिरीश चतुर्वेदी, मीना गुप्ता, जगजीत सिंह भाटिया, तिलक धर दुबे, संजय भरणे, सुनील परदेसी, शांताराम वानखेड़े इत्यादि उपस्थित थे।

■ व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की गई

## दर्शकों की तालियों ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

# ग्लोबल कैरेक्टर कॉस्ट्यूम में बच्चों ने दी प्रस्तुति, अनेकता में एकता का दिया संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ महतारी, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, कृष्ण भक्ति में लीन मीरा, स्वर कोकिला लता मंगेशकर, मदर टेरेसा, क्रिकेटर, फुटबॉल किंग सहित सभी ग्लोबल कैरेक्टर के वेशभूषा में नर्सरी से लेकर यूकेजी के बच्चे और क्लास 1 से लेकर क्लास 5वीं तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में आउटस्टैडिंग परफारमेंस ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न प्रांतो के वेशभूषा में प्रस्तुति देकर अनेकता में एकता का संदेश भी दिया। साथ ही उपस्थित दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट ने बच्चों का जमकर उत्साह वर्धन किया। जॉय फांउडेशन स्कूल मैत्रीनगर में विविध वेशभूषा में फैंसी ड्रेस शो का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की डायरेक्टर रश्मि बलैया दवरा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।





### विभिन्न वेशभूषा ने लुभाया

जॉय फाउंडेशन स्कूल मैत्री नगर रिसाली के नर्सरी के नन्हें बच्चों से लेकर क्लास 5वीं तक के सभी बच्चों ने अलग-अलग संदेश परक कैरेक्टर में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिससे पूरा वातावरण उत्साह से भरपूर दिखाई दिया। लगभग दो सौ से अधिक सभी बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुती दी। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, असम सहित देश के विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में अनेकता में एकता का संदेश भी दिया।



### बच्चों की प्रस्तुति रही सराहनीय

प्रस्तुती थी। जिसके लिए डायरेक्टर रश्मि बलैया द्वारा सभी बच्चों को सर्टीफिकेट और उपहार देकर देकर पुरस्कृत किया। सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुति बहुत आकर्षित, मनमोहक एवं सराहनीय थी। कार्यक्रम में नर्सरी क्लास से आरना कौर, विधिका, शुभांगी, तेजस, राइमा, अर्श, आरुश, आश्वी, अनुशा एवं एल केजी जानवी, हिमांशी, अर्पित, शिवांश, अंशिका, कियान, अनाइशा, प्रियंका, अलीशा, मदीहा, अभियुक्त, यूकेजी अक्षत, भूमी, काव्या, वियान, आयांश, रिधिमा, अंशवी, ईशान, इन्शिया, अदव्य, विनिशा के जो की प्रस्तुती थी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में यथार्थ और मानस की शानदार पारी

**रायपुर।** बी सी सी आई की मेंस अंडर-16




विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी का आयोजन 06 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा तीन दिवसीय मैच (17-19 दिसंबर) शिमोगा में सौराष्ट्र अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 62.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 179 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गुणवंत अवस्थी ने 12 चौकों की मदद से सर्वाधिक 85 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त रुद्रा शुक्ला ने 24 रन बनाये। सौराष्ट्र टीम की ओर से मृदंग जोशी ने 3 विकेट लिए। शुभ, धार्मिक तथा भार्गव ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 55.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 118 रन ही बनाये तथा सौराष्ट्र को 199 रनों का लक्ष्य दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आर्यन सिंह ने नाबाद 35 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आदित्य गुहा ने 20 रन तथा श्रेयस अग्रवाल ने 16 रनों का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से भार्गव ने 4 विकेट, धार्मिक एवं श्रीराज ने 3-3 विकेट प्राप्त किये।

199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र ने दूसरे दिन की समाप्ति तक 23 ओवरों में 6 विकेट खोकर 51 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 4 विकेट प्राप्त किये जबकि मानस मुलचंदानी ने 1 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 148 रनों से आगे है। छत्तीसगढ़ को मैच जीतने हेतु 4 विकेट लेने है।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में हिस्सा ले रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होने छत्तीसगढ़ की 30 सदस्यीय टीम टाटानगर झारखंड गई हुई है। प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ को एक मेडल मिलना तय हो गया, 19 दिसंबर को फाइनल टूर्नामेंट है। जिसमें गोल्ड अथवा ब्रांज मेडल मिलना तय है। इसी तरह इंटरनेशनल इक्विपमेंट में रिकर्व वर्ग में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज नेशनल गेम में सिलेक्शन के लिए, कड़ी प्रतिस्पर्धा में जूझ रहे हैं। 19 दिसंबर को टॉप-32 का टूर्नामेंट होगा, उसके बाद टॉप-16 का टूर्नामेंट होगा उसके बाद टॉप-8 का टूर्नामेंट होगा। अगर छत्तीसगढ़ के तीरंदाज टॉप-8 में प्रवेश करते हैं तो आने वाले उत्तराखंड में नेशनल गेम में हिस्सा लेंगे। कंपाउंड वर्ग और रिकवर में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज टॉप 64 में आ चुके हैं। आयुष मुरारका ने कहा कि आने वाले समय में संघ के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष इक्विपमेंट कोच की जरूरतें रखी गई हैं, जिनकी कमी पूरी होने पर और बेहतर परिणाम लाएंगे। मुरारका ने कहा कि 19 दिसंबर को महिला टीम का मेडल मैच है और यही टीम नेशनल गेम उत्तराखंड में भी खेलेगी। इसलिए टीम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका की तरफ से शुभकानाएं दी गई है।

### 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए बनाईं कमेटियां




**रायपुर।** 38 वे राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में भागीदारी के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की बैठक कार्यालय छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन, इंडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब रायपुर में आयोजित की गई बैठक में दो समितियों का गठन किया गया एवं 'शेफ डे मिशन' हेतु निर्णय लिया गया। 'शेफ डे मिशन' के लिए सहीराम जाखड़ सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन एवं डीजीएम स्पोर्ट्स सेल का नाम प्रस्तावित किया गया। दो कमेटी बनाई गई जिसमें परचेज कमेटी में गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, संजय मिश्रा, मोहम्मद अकरम खान, प्रमोद सिंह ठाकुर और समन्वयक समिति में प्रशांत सिंह रघुवंशी, मोहनलाल, डॉ विष्णु कुमार श्रीवास्तव, डॉ अतुल शुक्ला और रूपेंद्र चौहान शामिल किए गए हैं। बैठक में सभी विषयो पर चर्चा करते हुए बनाई गई समितियों को दायित्व सौपे गए एवं राज्य को ज्यादा से ज्यादा पदक मिल इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, कैलाश मुरारका, आर के श्रीवास्तव महासचिव – डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया सहसचिव – सहीराम जाखर, मोहम्मद अकरम खान, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य – मोहनलाल, उज्जवल दीपक, डॉ अतुल शुक्ला और प्रमोद सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

---

अप्रभावी होते एंटीबायोटिक से जन स्वास्थ्य पर अदृश्य संकट बढ़ रहा

# एंटीबायोटिक का तेजी से बेअसर होना चिंताजनक लगातार इस्तेमाल करने से पहले जानिए सब कुछ

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते हैं जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते है जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बेहद खतरनाक चिकित्सीय स्थिति हो सकती है क्योंकि इससे बीमार लोगों के लिए उपचार के विकल्प घट जाते हैं, जिससे प्रभावी उपचार में भी देरी हो सकती है। परिणामस्वरूप, गंभीर, लम्बी बीमारी और मृत्यु का जोखिम, और इलाज में देरी जैसी स्थितिया आम होती जाएगी।



### जीवित रहने के लिए परिवेश के हिसाब से ढलना जरूरी

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक प्रकार का रोगाणुरोधी प्रतिरोध है, जो सूक्ष्मजीवी द्वारा किसी भी दवा के लगातार उस पर नियंत्रण के लिए उपयोग के कारण उसके बचाव में विकसित कर लेती है। बैक्टीरिया के साथ साथ, वायरस और अन्य कई परजीवी भी किसी भी दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। इसमें गूढ़ बात है कि हमारा शरीर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित नहीं करता बल्कि शरीर को बीमार करने वाला सूक्ष्मजीवी ही दवा को अप्रभावी बना देता है। नतीजतन किसी खास रोगकारक जीवाणु के खिलाफ एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाता है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या




एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस धीरे धीरे एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या का रूप ले रही है। इसका मतलब है कि इसके प्रभाव में ना सिर्फ कोई एक मरीज होता है बल्कि यह सामूहिक रूप से जीवाणु संक्रमण के प्रभावी ढंग से इलाज को कमजोर कर सभी को प्रभावित कर रह है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए बार बार एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं, तो वे जीवाणु धीरे धीरे अपने आप को एंटीबायोटिक्स के जीवाणु पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के तरीके विकसित करने लगते है यानी चमका देने लगते है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपका शरीर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो रहा है। इसका मतलब है कि बैक्टीरिया (जो किसी समय आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं) पर अब एंटीबायोटिक दवाओं से उतना आसानी से प्रभाव नहीं पड़ता, जितना पहले होता था।

### एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल खतरनाक

एक शोध के अनुसार 1990 से 2023 के दरम्यान एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से सालाना एक मिलियन से अधिक लोगों की मौत हो रही है और अगर एंटीबायोटिक का इसी तरह बे-रोक-टोक इस्तेमाल जारी रहा तो दवाएं बेअसर होती जाएंगी और साल 2050 तक इससे होने वाली मौत का दायरा बढ़ कर कैंसर के कारण होने वाली मौत से भी ज्यादा हो जायेगी। मेडिकल जर्नल द लेंसेट' में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण अगले 25 सालों में 3 करोड़ 90 लाख लोगों की मौत हो सकती है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस चीन में सबसे अधिक प्रभावी है, उसके बाद कुवैत व अमेरिका का स्थान है। भारत में बहुत तेजी से पैर पसार रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में अकेले एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से होने वाली मौतों की संख्या श्वसन संबंधी संक्रमण, टीबी, आंत संबंधी संक्रमण, मधुमेह और किडनी रोग, मैटरनल एवं नीओनेटल डिसऑर्डर से होने वाली कुल मौतों से अधिक हैं।

---



## ओवरथिंकिंग दूर करने के लिए करें ये मुद्रा, कुछ ही दिनों में दिखेगा फायदा


क्या आप भा किसी भी विषय के बारे में बहुत ज्यादा सोंचते हैं? क्या आपको भी हर वक्त निगेटिव ख्यालात आते हैं। इन योगासन की मदद से फायदा मिल सकता है। ओवरथिंकिंग कोई बीमारी नहीं है ये एक तरह की नेगेटिव हैबिट है जो पास्ट में हुए कुछ अनुभवों के कारण जन्म लेती है। ये आपके इमोशन और फिजिकल हेल्थ को भी प्रभावित कर सकता है। ओवरथिंकिंग के कारण आपको एंग्जायटी, पैनिक अटैक और डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आजकल के युवाओं में यह आदत काफी ज्यादा देखने को मिल रही है। अगर आप भी ओवरथिंकिंग के शिकार हैं तो आप इन योग मुद्राओं की मदद से इस समस्या पर काबू पा सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं योगा एक्सपर्ट डॉ. नुपुर रोहातगी

### वायु मुद्रा मन को शांत रखने में मददगार

ज्ञान मुद्रा करने से मन मस्तिष्क को शांति मिलती है। क्रोध, भय, शोक, जलन जैसी समस्या से छुटकारा मिलताहै। मस्तिष्क के कार्यों में सुधार होता है। याददाश्त बेहतर होती है। वायु मुद्रा मन को शांत रखने में मददगार होती है। इससे स्मरण शक्ति को बढ़ावा मिलता है। ओवरथिंकिंग के कारण होने वाले तनाव से छुटकारा मिलता है। पृथ्वी मुद्रा करने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। थकान दूर होती है।

### कैसे करें वायुमुद्रा

वायुमुद्रा करने के लिए आप मैट बिछा कर शांत



वातावरण में सुखासन में बैठ जाएं। अब खुद को रिलैक्स करते हुए कंधे को ढीला कर लें। अपनी आंखों को बंद करें और गहरी सांस लें। सांसों पर ध्यान केंद्रित रखें। अपने हाथ को जांघ पर रख लें और हथेली को आसमान की ओर रखें। इंडेक्स फिंगर को थोड़ी मोड़ें ताकि अंगूठे को छुआ जा सके। अब इंडेक्स फिंगर को अंगूठे की मदद से जोर डालते हुए दबाएं। बाकी उंगलियों को सीधा रखें। हर रोज इस मुद्रा को 15 से 20 मिनट करने से फायदा मिलेगा। आप इस मुद्रा को किसी भी तरह बैठ कर, खड़े होकर,या लेट कर भी कर सकते हैं।

### पृथ्वी मुद्रा कैसे करें

इस मुद्रा को करने के लिए आप सुखासन में बैठ जाएं और खुद को रिलैक्स करें। अब अपनी हथेलियों को जांघों पर रखें और सांस पर ध्यान दें। रिंग फिंगर को अंगूठे के टिप से जोड़ें। बहुत ज्यादा उंगलियों पर दबाव नहीं डालना है। अब 15 मिनट के लिए इस मुद्रा में बैठें और धीरे-धीरे सांस लेते रहें। दिन में ये मुद्रा आप किसी भी वक्त कर सकते हैं। रोजाना करने से बेहतर परिणाम मिलना मुमकिन है।

### ज्ञान मुद्रा कैसे करें



इस मुद्रा को करने के लिए आप पद्मासन में बैठ जाएं। अपनी हथेलियों को जांघों के ऊपर की ओर रखें। अब तर्जनी उंगली से अंगूठे के छोर पर रखें। बाकी उंगलियां सीधी रहेंगी। आंखें बंद रखें और गहरी और लंबी सांस लेते रहें। सांसों पर ध्यान केंद्रित रखें। इस मुद्रा का अभ्यास आधे घंटे तक करने फायदा मिल सकता है।

---

## सर्दियों में चखिए स्वीट कॉर्न पराठे का स्वाद



अगर आपको भी सर्दियों में कुछ चटपटा खाने मन कर रहा है, तो इस बार घर पर स्वीट कॉर्न पराठे बनाना न भूलें। हर कोई करेगा तारीफ।

### स्वीट कॉर्न पराठे की रेसिपी

घर पर स्वीट कॉर्न पराठे बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए आपको अधिक मेहनत भी करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए आप सबसे पहले स्वीट कॉर्न को अच्छे से कद्दूकस कर लीजिए और किसी बर्तन में रख दीजिए। इसके बाद कद्दूकस किए कॉर्न में उबले आलू को डालकर अच्छे से मैश कर लें। अब इसमें हल्दी, नमक, प्याज, नमक, धनिया पता आदि सामग्री को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्री को मिक्स करने के बाद 10-15 मिनट सेट होने के लिए रख दें। इधर एक बर्तन में आटे को डालें। अब इसमें जरूरत के हिसाब में पानी को डालकर आटे को अच्छे से गूंथ लें। अब आटे में से लेकर छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब लोइयों में मिश्रण को डालकर गोल-गोल कर लें। इसके बाद लोइयों को अच्छे से बेल लीजिए।

इधर पैन में तेल या घी को डालकर अच्छे से गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए तो पराठे को डालकर ब्राउन होने दोनों साइड अच्छे से पका लें। इसके बाद आप हरी या टमाटर की चटनी के साथ सर्व करें।

### सर्दियों में स्वीट कॉर्न पराठे बनाने के तरीके

सबसे पहले स्वीट कॉर्न को कद्दूकस कर लें। अब इसमें आलू, प्याज, नमक आदि सामग्री को डालकर अच्छे से मैश कर लें। इसके बाद आटे में ज़रूरत के हिसाब से पानी को डालकर अच्छे गूंथ लें। अब आटे में से लेकर छोटी-छोटी लोइयां बना लें। इसके बाद लोइयों में कॉर्न मिश्रण को डालकर गोल-गोल कर लें और अच्छे से बेल लीजिए। इधर पैन में तेल को डालकर गर्म कर लें। अब पराठे को डालकर ब्राउन होने तक अच्छे से दोनों साइड पका लें।

---

## खरमास में कर लें धार्मिक उपाय जगत के पालनहार की बरसेगी कृपा



इन दिनों खरमास चल रहा है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास प्रारम्भ हो जाता है। इस दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आइए जानते हैं खरमास में ईश्वर की कृपा पाने और अपने पुण्यों की वृद्धि करने के लिए क्या उपाय करें

### सूर्य की उपासना

खरमास में रोजाना सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इससे आपको कभी रोग दोष नहीं होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में नित्यप्रति सूर्य भगवान की पूजा करना और आदित्य ह्रदय स्त्रोत का पाठ करना बहुत फलदाई माना जाता है। पाप नाशक और पुण्य वृद्धि कारक भगवान सूर्य को इस मंत्र- 'सूर्यदेव महाभाग ! त्र्योक्य तिमिरापह। मम पूर्व कृतंपापं क्षम्यतां परमेश्वरः। को पढ़ते हुए अर्घ्य देने से आयु, विद्या बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है। उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और यश-कीर्ति की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रतियोगिता में सफलता, करियर में कामयाबी के लिए लोगों को प्रातः उदय होते लाल सूर्य की आराधना करनी चाहिए।

### श्रीकृष्ण की पूजा का महत्व

खरमास में भगवान श्रीकृष्ण के मंत्रों के जाप से आपको कभी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। खरमास में व्यक्ति को अपने इष्टदेव की पूजा-सेवा करने एवं दान-पुण्य करने से पुण्यों में वृद्धि होती है और जीवन में आए संकट दूर होने लगते हैं। इस महीने भगवान विष्णु के किसी भी अवतार और शिवपरिवार की उपासना करना विशेष फलदाई है।

### सत्यनारायण की कथा

खरमास में सत्यनारायण की कथा पढ़ना बेहद शुभ माना जाता है। पूरे परिवार को साथ बैठकर कथा सुननी चाहिए। इससे अक्षय फल की प्राप्ति हो सकती है। खरमास के पूरे माह में तुलसी जी को नियमित जल देने और संध्या के समय दीपक प्रज्वलित करने से से माँ लक्ष्मी की कृपा मिलती है। इसी प्रकार पीपल और केले के पेड़ की पूजा करने से उत्तम फल की प्राप्ति होती है।

---

कार्नर न्यूज

शरीर में तेजी से होने वाले बदलाव कई बार ठीक नहीं होते

# छरहरा दिखने अपना वजन तेजी से कम करने की चाहत से है कई नुकसान, जोखिम का भी रखें ध्यान

हम सभी अपना बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम करना चाहते हैं। कई बार हम ऐसा करने के लिए काफी कोशिश भी करते हैं। लेकिन रैपिड वेट लॉस करना बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता है। अधिक वजन कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स की वजह बनता है। इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि व्यक्ति को अपना वजन नियंत्रित रखना चाहिए। जब आपका वजन कम होता है तो इससे बॉडी भी अधिक शेप में नजर आती है। अमूमन यह देखने में आता है कि जिन लोगों का वजन अधिक होता है, वे जल्द से जल्द शेप में आना चाहते हैं और इसलिए रैपिड वेट लॉस करने लगते हैं। इसके लिए क्रैश डाइट से लेकर ओवर एक्सरसाइज आदि करते हैं। यकीनन इससे आपका वजन तेजी से कम होना शुरू हो जाता है।



### पोषक तत्व ना मिल पाना

रैपिड वेट लॉस के लिए जरूरी होता है कि आप अपनी डेली रिक्वायरमेंट से बहुत कम कैलोरी इनटेक लें। ऐसे में आप बैलेंस डाइट (एक्सपर्ट से जानें बैलेंस डाइट चार्ट के बारे में) नहीं लेते हों। जिसके कारण आपकी डाइट से कई जरूरी पोषक तत्व कहीं मिस हो जाते हैं। जब आप रैपिड वेट लॉस करने के चक्कर में बहुत कम कैलोरी व न्यूट्रिएंट्स लेते हैं तो इससे शरीर में थकान, एनीमिया, कमजोर बाल या कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### मेंटल हेल्थ इश्यूज

रैपिड वेट लॉस मेंटल हेल्थ के लिए भी सही नहीं माना जाता है। दरअसल, कम समय में बहुत अधिक वजन कम करने के लिए आपको बहुत अधिक रिसट्रिक्ट रहना पड़ता है। जिससे आपको उदासी या नेगेटिव फीलिंग आ सकती है। इतना ही नहीं, शरीर के वजन में अत्यधिक तेजी से होने वाले बदलाव आपकी मेंटल हेल्थ प्रोब्लम्स को जन्म दे सकते हैं।

### दोबारा वज़न बढ़ना

हम सभी क्विक वेट लॉस चाहते हैं, लेकिन अगर आप रैपिड वेट लॉस (7 दिनों में ऐसे घटाएं वजन) करते हैं तो इससे आपको सस्टेनेबल रिजल्ट नहीं मिलते हैं और आपका वजन दोबारा फिर से बढ़ सकता है। दरअसल, तेजी से वजन कम करने के लिए आप किसी खास तरह की डाइट या रूटीन को फॉलो करते हैं, जो सस्टेनेबल नहीं होती है। ऐसे में जब आप दोबारा अपना नॉर्मल ईटिंग पैटर्न शुरू करते हैं तो इससे आपका वजन वापिस आ जाता है।

### तेजी से हार्मोनल बदलाव

रैपिड वेट लॉस किसी भी लिहाज से सही नहीं माना जाता है। दरअसल, जब आप तेजी से वजन कम करते हैं तो इसका असर शरीर में हार्मोनल लेवल पर भी पड़ता है। एक महिला को रैपिड वेट लॉस के साथ अनियमित पीरियड्स या पीरियड्स मिस होने की शिकायत हो सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर विनिंग कॉमेडियन जेमी फॉक्स पर हमला, चेहरे पर फेंका गया कांच



ऑस्कर विनिंग कॉमेडियन जेमी फॉक्स शुक्रवार रात अपना 57वां जन्मदिन मनाने के लिए बेवर्ली हिल्स के एक रेस्तरां में पहुंचे थे। हालांकि, रेस्तरां में उनके साथ एक घटना घटी। बगल के टेबल पर बैठे एक शख्स ने जेमी पर एक गिलास फेंकी जो उनके मुंह पर जाकर लगी। घटना के तुरंत बाद पुलिस को बुलाया गया और मामला अब कानून प्रवर्तन के हाथ में है। इसी बीच कॉमेडियन ने रविवार को घटना को संबोधित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और अपने शुभचिंतकों का आभार जताया। बेवर्ली हिल्स पुलिस घटना की जांच कर रही है, जो शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई। इसी बीच उनके स्पोक्सपर्सन ने बताया कि फॉक्स को टांके लगे हैं और अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है। इस पूरे मामले पर जेमी ने शनिवार तक चुप्पी साधी रखी। हालांकि, रविवार सुबह उन्होंने घटना को संबोधित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जेमी ने चोट या घटना को सीधे तौर पर संबोधित नहीं किया, लेकिन एक टाइटल कार्ड के साथ इसका जवाब दिया, जिसमें लिखा था, 'शैतान व्यस्त है, लेकिन मैं तनावग्रस्त होने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं।' उन्होंने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया, जिसमें उनका नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप स्पेशल 'व्हाट हैड हैपन्ड वाज' देखना भी शामिल है।' जेमी ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'उन सभी को धन्यवाद जो प्रार्थना करते हैं और मुझ पर नजर रखते हैं। जब आपकी रोशनी चमक रही होती है।

### टॉलीवुड

## 'फौजी' के सेट पर चोटिल हुए प्रभास जापान की जनता से मांगी माफी?



प्रभास ने नाग अश्विन द्वारा निर्देशित अपनी आखिरी रिलीज 'कल्कि 2898 एडी' के साथ शानदार प्रदर्शन किया। देश समेत दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली इस फिल्म का प्रीमियर अब जापान में होना है। पहले प्रभास इस इवेंट का हिस्सा बनने वाले थे लेकिन अब ऐसा मुमकिन नहीं है। अभिनेता के लेटेस्ट बयान से साफ हो रहा है कि वह अपनी नई फिल्म की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं, जिसके कारण वह जापान नहीं जा सके। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में, प्रभास ने विदेशी दर्शकों द्वारा उन्हें और उनकी फिल्म को मिले अपार प्यार और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने टिप्पणी की कि वह लंबे समय से जापान का दौरा करने के लिए उत्सुक थे। हालांकि, अभिनेता ने बताया कि वह जापान के 'कल्कि 2898 एडी' के प्रीमियर शो का हिस्सा नहीं बन पाएंगे क्योंकि आगामी फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके टखने में चोट लग गई है। प्रभास ने लिखा, 'मुझ पर और मेरे काम पर हमेशा इतना प्यार बरसाने के लिए धन्यवाद। मैं काफी समय से जापान जाने का इंतजार कर रहा था। हालांकि, मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि फिल्मांकन के दौरान मेरे टखने में मोच आ गई और मैं इवेंट का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा। हमारे वितरक, ट्विन, बेहद सहायक रहे हैं और हम 'कल्कि 2898 एडी' को शुक्रवार, 3 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार करने में उनके सभी प्रयासों के लिए आभारी हैं। मुझे आशा है कि आपसे शीघ्र मुलाकात होगी। प्रभास।' जापान में फिल्म 'कल्कि 2898 ई.' का प्रीमियर 18 दिसंबर को होना है। प्रभास वर्तमान में निर्देशक हनु राघवपुडी की फिल्म 'फौजी' (अस्थायी शीर्षक) की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐतिहासिक युद्ध ड्रामा की शूटिंग के दौरान प्रभास को टखने में चोट लग गई। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और रिपोर्ट्स में कहा गया है।

### भोजपुरी

## विक्रांत और नेहा की 'मोटकी दुल्हनिया 2' का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड और भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक्टिंग से छा जाने वाले विक्रांत सिंह राजपूत और खूबसूरत एक्ट्रेस नेहाश्री की फिल्म 'मोटकी दुल्हनिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साथ ही इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2024 को शाम 7 बजे जी बाइस्कोप पर देख सकेंगे। फिल्म की कहानी एक सामाजिक संदेश देती है, जिसमें यह दिखाया गया है कि प्यार और दिल की सच्चाई खूबसूरती से कहीं अधिक मूल्यवान है। फिल्म के गाने और डायलॉग बेहद मजेदार और दिलचस्प हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत ने अपनी शानदार अदाकारी से एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह टीवी पर सबसे ज्यादा जीआरपी रेटिंग पाने वाले एक्टर्स में से एक हैं। 'मोटकी दुल्हनिया 2' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा, 'यह फिल्म एक खूबसूरत और दिलचस्प कहानी है, जो समाज के एक महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करती है। इस फिल्म में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है, क्योंकि इसमें मेरे किरदार को दर्शकों के दिलों तक पहुंचाने का बेहतरीन मौका मिला है। यह फिल्म एक संदेश देती है कि सच्चा प्यार और दिल की अच्छाई किसी भी बाहरी सुंदरता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती है।

## लाइफ स्टाइल



लंदन की नुमाइश

लंदन फैशन वीक में जैकेट का जादू सिर चढ़ कर बोला। लुई वुइटन, कोच, इसाबेल मैरेंट, एर्मानो स्कर्विनो और विक्टोरिया बेकहम जैसे नामचीन मॉड़ल ने शियरलिंग जैकेट के साथ नुमाइश की। आरामदेह दिन के लिए जींस और फ़्लैट साबर एंकल बूट के साथ इन्हें कैज़ुअली पहनें तो बेहतर है।

## कोहनी हो रही काली तो घबराएं नहीं, अपनाएं उपाय



अगर आप भी काली कोहनी से परेशान हैं, तो आप कुछ तरीकों से अपनी कोहनी और घुटनों को चमकदार बना सकते हैं। आप अपनी काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक लगाकर रखें और फिर साफ कर लें। इससे आपको काफी मदद मिल सकती है।

काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए आपको पहले थोड़ा हल्दी पाउडर लना है और फिर इसमें नींबू का रस डाल लें। इसके बाद इसका मिश्रण तैयार कर लें और फिर इसे घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब जब ये सूख जाए, तो स्क्रब करते हुए धो लें।

इसके लिए आपको बेसन में थोड़ा पानी डालकर एक पेस्ट तैयार करना है। फिर इस पेस्ट को घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब कुछ देर इसे लगाकर छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।सबसे पहले आपको एक कटोरी में शहद, चीनी और नींबू का रस डालना है और इसका मिश्रण तैयार कर लेना है। अब इस तैयार किए गए पेस्ट को कोहनी और घुटनों पर लगा लें। फिर थोड़ी देर बाद पानी से धो लें। ऐसा करके आपको लाभ मिल सकता है।

## पार्टी में स्कर्ट और जींस के साथ लुक को स्टाइलिश बनाने वियर करें जैकेट



फैशन

न्यू ईयर की पार्टी में कई महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए स्कर्ट या जींस वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप जींस और स्कर्ट के साथ ये न्यू डिजाइंस वाली जैकेट स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस जैकेट को स्टाइल करने के बाद जहां आपको ठंड भी नहीं लगेगी तो वहीं आपका भी सबसे अलग नजर आएगा।

### फॉक्स जैकेट



इस तरह की जैकेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। यह जैकेट शॉर्ट में है साथ लॉन्ग स्लीव्स और कॉलर डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को आप ब्लैक या व्हाइट जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस जैकेट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 1,000 से कम कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं।

### जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जियोमेट्रिक जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस जैकेट में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा और इस तरह की जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की जैकेट जींस साथ ही स्कर्ट दोनों ही आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट है।

### डेनिम जैकेट

डेनिम जैकेट हर दम ट्रेंड में रहती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए आप इसे व्हाइट जींस या स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती है। इस तरह की जैकेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

## हुडी पहनने के मॉडर्न तरीके बढ़ाएंगे आपकी फैशन रेटिंग



सर्दी मेंस्टाइलिश से स्टाइलिश बंदे को अपने लुक की चिंता हो जाती है। हुडी पहनते हुए भी वो यही सोचते हैं कि लुक तो बिगड़ेगा ही। लेकिन हुडी पहनते हुए भी पर्फेक्ट दिखना है तो आपको इसे पहनने के ये मॉडर्न तरीके जरूर आजमाने होंगे। ये मॉडर्न तरीके आपकी फैशन स्टाइल को अप जरूर करेंगे। इन तरीकों पर डालते हैं एक नजर-

### लेयर्ड लुक

हुडी अपने आप में पूरी मान ली जाती है और अक्सर लोग इसके साथ किसी भी अपर ड्रेस को पहनने के बारे में सोचते भी नहीं हैं।

लेकिन हुडी को लेयरिंग में पहनकर आप मॉडर्न लुक पा सकते हैं। इस लुक को पाने के लिए जिप हुडी भी ली जा सकती है। इस जिप हुडी के ऊपर ओवेरकोट पहनिए और नीचे क्रू नेक टी शर्ट।

### एथलेजर लुक


एथलेजर आजकल के ट्रेंड का हिस्सा है। इसमें जिम वियर और कैजुअल वियर दोनों का लुक आता है। आप हुडी के साथ भी ये लुक आसानी से पा सकते हैं।

इसके लिए आप एक ब्लैक हुडी ले लीजिए। अब इस हुडी को फिटेड ब्लैक जॉगर्स के साथ पहनिए। इसके साथ लेदर लुक वाली स्लीपर भी पहनी जा सकती है।

### लेदर जैकेट लुक

पहली बार में लेदर जैकेट और हुडी का कोई कॉम्बिनेशन नजर नहीं आता है। लेकिन ये एक अच्छा कॉम्बो है। जिसमें लुक बेहतरीन आता है। इस लुक के साथ ब्लैक लेदर जैकेट चाहिए होगी और साथ में काली या इंडिगो कलर की जींस भी।

## अचानक खो रहा है त्वचा का ग्लो तो हो सकती है सेलो स्किन की समस्या



आपकी स्किन का लगातार प्राकृतिक रंग खोना 'सेलो स्किन' प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। इस स्किम प्रॉब्लम में त्वचा का रंग बदलकर भूरा या हल्का पीला पड़ने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको इसके कारणों का पता होना चाहिए और इस पर फौरन ध्यान देना चाहिए।

### विटामिन और खून की कमी

जैसे पूरी तरह से स्वस्थ रहने के लिए भरपूर खाद्य पदार्थ जरूरी हैं, उसी तरह स्वस्थ और चमकदार स्किन के लिए विटामिन खासतौर पर विटामिन सी और शरीर में प्रर्याप्त मात्रा में खून होना जरूरी है। सेलो स्किन से बचने के लिए आपको संतुलित और विटामिनयुक्त आहार जरूर ग्रहण करना चाहिए। वरना स्किन रूखी और छुर्रीदार होने लगेगी।

### पर्याप्त पानी

पानी और स्वस्थ्य स्किन का बहुत गहरा संबंध है। पर्याप्त पानी पीने से पेशाब के माध्यम से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही स्किन को हाइड्रेड रखते हैं, जिससे स्किन रूखी नहीं होती, इसलिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पिएं।

### तनाव से बचाव, पर्याप्त नींद

किसी भी तरह का तनाव व पर्याप्त नींद न लेना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से नुकसानदायक होता है, जो आपकी स्किन पर विपरीत प्रभाव डालता है।

## कार्नर न्यूज

### बाजार से एसेसरीज लेने से पहले इंटरनेट जरूर खंगाल लें

## स्टाइलिश मैन बनने के लिए जरूरी एसेसरीज अपनाने से पहले ध्यान रखें टिप्स, होगी तारीफ

सस्ती और जरूरी एसेसरीज, जिनसे हर पुरुष बन जाएगा आप अक्सर ही शॉपिंग करते रहते हैं? इस शॉपिंग का हर सामान इस्तेमाल में आ भी पाता है? अलमारी में ऐसे कपड़ों की भरमार हो चुकी है, जो खरीदने के बाद अब आप पहनते ही नहीं हैं?

अगर आपके साथ ऐसा होता है तो अब ऐसी चीजों की शॉपिंग करें जो आपके काम आए हमेशा जो आपको स्टाइलिश बनाने में 100 प्रतिशत योगदान भी करें। ये कुछ ऐसी एसेसरीज हैं, जो आपके स्टाइल में चार-चांद लगा देंगी। इन्हें न हर कुछ दिन में बदलने का झंझट है और न ही रखरखाव का। ये एसेसरीज आपके स्टाइल के लिए बेस्ट साबित होंगी। इन्हें यूज करने के बाद आपको अपने लुक के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इन एसेसरीज से रूबरू हो लीजिए, ये आपके काम जरूर आएंगी। लेकिन इससे पहले इंटरनेट खंगालना चाहें तो सर्च के विकल्प ये रहे।



### पुरुषों के लिए जरूरी एसेसरीज

पुरुषों के लिए रुमाल कितनी जरूरी चीज हैं, ये बात सिर्फ वो ही जानते हैं। लेकिन फिर भी सालों तक पुराने रूमालों का इस्तेमाल करते रहना उन्हें काफी पसंद है। जबकि लोगों के बीच में जब आप पुराने और खराब दिखने वाले रुमाल निकालते हैं तो अच्छा बिल्कुल नहीं लगता है। इसलिए समय-समय पर नए रुमाल खरीदते रहना जरूरी हो जाता है। कुछ एसेसरीज जिन्हें नियम से खरीदते रहना है, उनमें रूमाल को शामिल कर लीजिए।

### नोज क्लिपर्स ले लीजिए

नाक से निकलते बाल अक्सर ही परेशानी बन जाते हैं। इन बालों को यूं हीं छोड़ देने से अच्छा है कि इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी का नोज क्लिपर ले लिया जाए। इस तरह से आपके लुक को खराब करते नाक के बालों से आपको छुटकारा मिल जाएगा।

इनको काटते समय ध्यान रखिएगा कि ये वही बाल हैं, जो लुक पर की गई आपकी सारी मेहनत को बेकार कर देते हैं। इसको नियम से काटने के लिए क्लिपर खरीदिए लेकिन इस पर बहुत खर्चा नहीं करना है। इससे आप किसी को इम्प्रेस (Impress) ऐसे भी नहीं कर पाएंगे। इसको बहुत महंगा खरीदने से अच्छा है कि जरूरत के हिसाब से वाजिब दाम वाला क्लिपर ले लें। आप इलेक्ट्रिक नोज क्लिपर भी ले सकते हैं।

### कंसीलर है जरूरी



हो सकता है कि आप पुरुषों के मेकअप वाले फंडे को न मानते हों। लेकिन सिर्फ एक कंसीलर से आप फुल मेकअप वाले रूप में नहीं आ जाएंगे। बल्कि ये आपको स्टाइलिश दिखने में मदद ही करेगा। ये आपके चेहरे की रौनक को कम करने वाले दाग-धब्बों को कम कर देगा। आपको अपने चेहरे की कमियां अलग से नहीं दिखेंगी और आप पूरी तरह से स्मार्ट दिखेंगे वो अलग। इससे आप दाग-धब्बे ही नहीं बल्कि रोजमर्रा में होने वाले रेजर बर्न भी छुपा सकते हैं। ये कंसीलर तब आपके और भी काम आएगा।